53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 26.8°c | अधिकतम 32.8 °c

**अमृतवाणी**

छोटे फैसलों से
ही बड़ी सफलता
मिलती है।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

कुछ लोग कांवड़ यात्रा
को बदनाम करने की साजिश
रच रहे हैं : योगी



सूर्योदय - 5:32, सूर्यास्त - 7:18 | वर्ष : 53/ अंक : 200 | सोमवार, 21 जुलाई 2025 | श्रावण, कृष्ण पक्ष, एकादशी | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

दुराचारी तो हर युग में हर काल में हुए हैं... मगर कभी सफल नहीं होते.....

# फिर शुरू हुई प्रशासन और डीजे कांवड़ में रार, भोले बोले क्या दस फुट की कांवड़ भी अंदर से ले जाने का नहीं रहा अधिकार

**मुजफ्फरनगर, 20 जुलाई (बु.)।** फिर एक बार हर वर्ष की तरह मुजफ्फरनगर के बॉर्डर रामपुर तिराहे पर ऊंचे-ऊंचे दिल धड़काने वाले डीजे आ चुके हैं और डीजे संचालकों में रार शुरू हो चुकी है। देर रात मुजफ्फरनगर की ही कर्नवाल कांवड़ और प्रशासन के बीच रार हो गयी। कांवड़िया भाई अपने हक के लिए लड़ते दिखाई दिये और उन्होंने कहा कि हिन्दूवादी सरकार में भी यदि दस फुट की कांवड़ को नगर के अंदर से नहीं ले जाने दिया जा रहा तो फिर सपा सरकार को क्यों दोष दिया जाता है। कर्नवाल कांवड़ संचालकों ने जैसे ही यह जानकारी बुलेटिन को दी तो हाथोंहाथ सोशल मीडिया के जरिए प्रशासन को आगाह किया गया। चंद मिनटों बाद ही प्रशासन को अपना निर्णय बदलना पड़ा और उक्त कर्नवाल कांवड़ को शहर के अंदर से प्रवेश की अनुमति दे दी गयी। माना जा रहा है कि कल रात तक प्रशासन और कांवड़ के बीच यही तकरार चलती रहेगी और प्रशासन को मानकों के अनुसार चलने वाली कांवड़ को शहर के अंदर से जाने की अनुमति देनी ही होगी। देर रात प्रशासन बौखलाया हुआ दिखाई दिया और मेरठ की ओर जाने वाली बसों को भी रामपुर तिराहे पर रोक दिया गया और कहा गया कि उक्त बसें 12 बजे के बाद ही जाने दी जाएंगी। इस पर भी गर्मी में बिलाबिलाते यात्रियों ने जमकर विरोध किया। लगभग 11:30 बजे प्रशासन को इन्हें भी अपने गंतव्य की ओर भेजने के लिए मजबूर होना पड़ा।



## बिना पुष्प वर्षा किये ही चली गयी प्रदेश की सरकार, जिले की सरकार ने की भोलों पर पुष्पों की बौछार

**मुजफ्फरनगर, 20 जुलाई (बु.)।** बड़े ही पवित्र मंशा से भोला कांवड़ियों पर हर वर्ष गुलाब पंखुड़ियों की वर्षा करने वाले सूबे के मुख्यमंत्री रविवार को भी गाजियाबाद, मेरठ, मुजफ्फरनगर में पुष्प वर्षा करने के लिए पहुंचे। लगभग बीस मिनट मेरठ में खुद हेलीकॉप्टर से उतरकर सीएम योगी आदित्यनाथ ने भोलों पर पुष्पों की वर्षा की, मगर मुजफ्फरनगर में उनका हेलीकॉप्टर आया भी और बिना पुष्प वर्षा किये सिर्फ चक्कर काटकर वापस लौट गया। ऐसे में नगरवासियों को भारी निराशा हुई। हाथोहाथ जिलाधिकारी उमेश मिश्र व एसएसपी संजय कुमार वर्मा हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा करने के लिए आसमान में दिखाई दिये। जिले के दोनों अधिकारियों ने शिवचौक, मेरठ रोड, रूडकी रोड, कच्ची सड़क आदि पर जमकर भोलों के ऊपर पुष्पों की वर्षा की, तब जाकर नगरवासियों का दिल बाग-बाग हुआ और फिर से एक बार हर-हर महादेव के नारे सड़कों से लेकर हेलीकॉप्टर तक गूंजते दिखाई दिये। शिवचौक पर खड़े सत्ताधारियों ने भी एकाएक उत्साह आ गया और महादेव के साथ-साथ योगी सरकार के भी जयकारे लगाये गये।





## कांवड़ यात्रा 2025: कठिन डगर के आखिरी दो दिन

### ▶▶ चूक से भी ना हो जाएं कोई चूक, प्रशासन हाईअलर्ट

**मुजफ्फरनगर, 20 जुलाई (बु.)।** पवित्र श्रावण मास में होने वाली कांवड़ यात्रा अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच गई है। महादेव को जल चढ़ाने के लिए लाखों शिवभक्तों की कठिन डगर अब बस दो दिन की और बची है। इस दौरान, मुजफ्फरनगर सहित पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश का प्रशासन किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए हाई अलर्ट पर है। 'चूक से भी कोई चूक न हो जाए', इस मंत्र के साथ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी लगातार निगरानी बनाए हुए हैं। कांवड़ यात्रा का समापन नजदीक आते ही कांवडियों की भीड़ में तेजी देखी जा रही है। हरिद्वार और गंगोत्री से पवित्र गंगाजल लेकर लौट रहे शिवभक्तों का उत्साह चरम पर है। हाईवे पर बोल बम के जयकारों की गूंज लगातार सुनाई दे रही है। प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था और यातायात प्रबंधन को लेकर पुख्ता इंतजाम किए हैं।

### सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम : एसएसपी



**मुजफ्फरनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने बताया कि, "कांवड़ मार्ग पर पहले से ही पुलिस बल तैनात है। संवेदनशील स्थानों पर ड्रोन से निगरानी की जा रही है और सीसीटीवी कैमरों से पल-पल की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। सादी वर्दी में भी पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। कांवड़ियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। **यातायात प्रबंधन पर विशेष ध्यान-** अंतिम दो दिनों में कावड़ियों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि को देखते हुए यातायात प्रबंधन दुरुस्त किया गया है। मुख्य मार्गों पर भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया है और वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था की गई है। जगह-जगह ट्रैफिक पुलिस के जवान तैनात हैं जो सुगम यातायात सुनिश्चित कर रहे हैं।"

### आवश्यकता पड़ी तो रिजर्व एम्बुलेंस है तैयार : सीएमओ



**मुजफ्फरनगर।** कांवड़ यात्रा के आखिरी दो दिन डाक कांवड़ और डीजे की झनझनाहट में डांस करती भीड़ के बीच किसी भी स्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग तैयार है। सीएमओ डॉ. सुनील तेवतिया ने बताया कि "कांवड़ यात्रा के आखिरी दो दिन बहुत महत्वपूर्ण है, जिसको लेकर सभी कांवड़ मार्ग पर स्वास्थ्य कैंपों पर एम्बुलेंस टीम को अलर्ट मोड कर रखा हुआ है। कांवड़ियों की सहूलियत के लिए यात्रा मार्ग पर जगह-जगह चिकित्सा शिविर लगाए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीमें 24 घंटे अलर्ट पर हैं। उम्मीद है कि महादेव के आशीर्वाद से यह यात्रा भी सफलतापूर्वक संपन्न होगी।"

## शिवालय की ओर बढ़ते जख्मी पांव, इन्द्रदेव कर दो ठंडक की छांव

**मुजफ्फरनगर, 20 जुलाई (एजेंसी)।** हाइवे से लेकर नगर के अंदर के मुख्य मार्गों पर अब भोला कांवड़ियों की लम्बी कतार बड़े हुजूम के साथ दौड़ती दिख रही है। 31, 51, 101 लीटर गंगाजल अपने कांधे पर लिये शिवभक्त अब नंगे पैर सिर्फ शिवालयों की ओर दौड़ते देखे जा रहे हैं। अब उनके पास इतना भी समय नहीं बचा है कि कहीं रुककर भोजन प्रसाद आदि ग्रहण कर लें। हालांकि नगर में भंडारों का अम्बार लगा है और शिवभक्त यही कहते जा रहे हैं कि जितनी सेवा इस जनपद में होती है वह वास्तव में कहीं नहीं होती। जगह-जगह हाथों में कहीं कोल्ड ड्रिंक, कहीं शिकंजी, कहीं गर्मागर्म दूध, कहीं छोले चावल, कहीं हलवा लिये जनपद की जनता भोलों की सेवा में सड़क पर खड़ी है, मगर चलते-चलते शिवभक्तों के हाथों में जो दे दो, बस वही ले लेता है, रुकने का अब कोई नाम नहीं है। बागोवाली कट, सिसौना, रथेड़ी, बझेड़ी हर जगह भंडारे लगे हुए हैं, मगर अब भोले अपनी यात्रा में रुकने को तैयार नहीं हैं। अब शिवभक्तों को बस अपने-अपने शिवालय दिख रहे हैं। ऐसे में किसी भोले के पैरों के छालों से मवाद रिसती दिख रही है तो कहीं पसीना-पसीना होने के बाद किसी की जांघे लगी हैं, कोई डेढ़े-मेढ़े पैरों से अपने गंतव्य की ओर दौड़ रहा है। आस्था का ऐसा दृश्य देखकर घर बैठा व्यक्ति को बेशक इस पर लेक्चर दे दे, मगर सड़क पर उतरकर शिवभक्तों की सेवा करने वाला व्यक्ति जब कांवड़ियों की जख्म देखता है तो वास्तव में उन्हें चरणवंदन करने के लिए बेबश हो जाता है। कहीं नन्हें बच्चों को कांधे पर बैठाए पिता अपनी यात्रा पूरी कर रहा है तो कहीं अपने पेट पर बांधे अपने बच्चे को शिवालय की ओर ले जा रही है। वास्तव में ऐसा अद्भुत भावपूर्ण दृश्य वर्ष में एक बार जब कांवड़ियों के रूप में देखने को मिलता है तो मन स्वयं ईश्वर की ओर लगने लगता है। आज 20 जुलाई जा चुकी है और 22 जुलाई की रात्रि से शिवालयों में जलाभिषेक शुरू हो जाएगा। ऐसे में अगले डेढ़ दिन में सभी प्रकार की कांवड़ शिवालयों तक हर हाल में पहुंच जाएंगी। कोई गौमुख से पुरा महादेव पहुंचेगा, तो कोई मेरठ, मुजफ्फरनगर, गाजियाबाद, दिल्ली तो कोई अपने गांव के शिवालय में मन्नत मांगकर जलाभिषेक करेगा। देर रात तक हाइवे से लेकर शिवचौक तक पूरी सड़क सिर्फ भोलों से लबालब दिखाई दी। लगभग दो बजे तक नगर के श्रद्धालु भोलों की सेवा में सड़कों पर खड़े दिखाई दिये।

### पसीनों से कांवड़िए हो रहे पानी, पानी, इन्द्रदेव करो मेहरबानी

**मुजफ्फरनगर।** पूरा सावन एकाध बारिश को छोड़कर कोई भी ऐसी बारिश नहीं हुई, जिससे आमजन को तो छोड़ो भोला कांवड़ियों को कोई राहत मिली हो। ऐसे में अगले दो दिनों में कांवड़िया और आमजन इन्द्रदेव से यही प्रार्थना करते हैं कि जल्द से जल्द बारिश हो जाए तो कांवड़ियों आसानी से अपने गंतव्य तक पहुंच जाएंगे। अब देखना यह होगा कि इन्द्रदेव कल तक प्रसन्न होते हैं अथवा नहीं। चूंकि 23 जुलाई को हरिद्वार से उठाया हुआ गंगाजल शिवभक्तों द्वारा अपने शिवालयों में चढ़ाया जाएगा। यदि कल तक बारिश न हुई तो फिर हो न हो उसका कोई लाभ होने वाला नहीं है।



## अज्ञात वाहन की टक्कर से कांवड़िए की मौत

**मुजफ्फरनगर, 20 जुलाई (बु.)।** नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के पचैंडा पुल के समीप अज्ञात वाहन ने पैदल चल रहे कांवड़िए को टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। रविवार को दिल्ली के नजफगढ़ के गुरुनगर साउथ वेस्ट निवासी विक्की कांवड़ लेने हरिद्वार गया था। जब वह पैदल दिल्ली की तरफ जा रहा था। नई मंडी कोतवाली क्षेत्र में दिल्ली-देहरादून हाईवे पचैंडा पुल के पास पहुंचा, तो पीछे से तेज गति से आए अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में घायल कांवड़िए को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शिनाख्त के बाद परिजनों को सूचना दे दी थी।

## कांवड़ मार्ग पर मस्जिदों को ढ़का गया, तो कहीं मस्जिद पर लगा ताला

**मुजफ्फरनगर, 20 जुलाई (बु.)।** खबर हमारे जनपद से है, जहां कांवड़ यात्रा में बढ़ती भीड़ को देखते हुए मुजफ्फरनगर के कांवड़ मार्ग पर पड़ने वाले मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र मीनाक्षी चौक पर स्थित मस्जिद कटरा अंसारियन को टेंट लगाकर ढक दिया गया है, तो वहीं मुजफ्फरनगर के शामली रोड पर स्थित मस्जिद के मेन गेट पर ताला लगा दिया गया है। मस्जिद के इमाम और मस्जिद में नमाज अदा करने वाले मुस्लिम लोगों का कहना है कि बहुत बड़ी तादाद में कांवड़ यात्रा निकल रही है। कांवड़ यात्री सड़कों पर आराम कर रहे हैं, उन्हें जहां भी साफ सुथरी जगह मिल जाती है, वह वहां पर आराम करते हैं, इसीलिए हमने कांवड़ मार्ग पर खुलने वाले मस्जिद के मेन गेट पर ताला लगा दिया है। नमाजियों के लिए हमने मस्जिद का पीछे वाला गेट खोल दिया है, जिससे न कांवड़ यात्रियों को कोई दिक्कत परेशानी हो और ना ही



मस्जिद में नमाज पढ़ने वाले नमाजों को कोई परेशानी हो।

दरअसल मामला सबसे बड़ी धार्मिक कांवड़ यात्रा से जुड़ा हुआ है और करोड़ों श्रद्धालु हरिद्वार से गंगाजल लेकर मुजफ्फरनगर मेरठ से होते हुए अपने गंतव्य की ओर जा रहे हैं। कांवड़ यात्रा को देखते हुए मुजफ्फरनगर के सभी कांवड़ मार्गों पर एक सप्ताह पहले ही कांवड़ मार्ग पर पड़ने वाले नॉनवेज होटल और ढाबों को बंद कर ढक दिया गया था। जैसे-जैसे कांवड़ मार्ग पर कांवड़ यात्रियों की संख्या बढ़नी शुरू हुई है, पूरा कांवड़ मार्ग भगवा रंग में रंगा हुआ नजर आ रहा है। कांवड़ यात्रा को लेकर मुजफ्फरनगर के मुस्लिम मौहल्ला क्षेत्र के मुस्लिम समाज के लोगों ने आपसी भाईचारे की मिसाल पेश करते हुए कांवड़ मार्ग पर पड़ने वाली मस्जिदों को टेंट से ढ़क दिया है, तो कहीं मस्जिद के मेन गेट पर ताला लगाकर मस्जिद के पीछे वाला रास्ता नमाजियों के लिए खोल दिया है। पहली तस्वीर मुजफ्फरनगर के मीनाक्षी चौराहे की है, जहां मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र के कांवड़ मार्ग पर यह मस्जिद है। मस्जिद कटरा अंसारियन जिसे कांवड़ यात्रा के चलते मस्जिद को टेंट लगाकर ढ़क दिया गया है। मस्जिद के इमाम का कहना है कि क्योंकि यह मुस्लिम बस्ती है और बस्ती के बाहर कांवड़ मार्ग है। अक्सर बच्चे गलियों से निकलकर सड़क पर आ जाते है, ऐसे में कोई ना चाह कर भी बच्चे गलतियां कर देते हैं, जिसकी वजह से मस्जिद और गली पर टेंट लगाकर बंद कर दिया है। हालांकि सड़क पर कांवड़ यात्रा चल रही है और मस्जिद में नमाज भी अदा की जा रही है। हमें जिला प्रशासन से ऐसा कोई आदेश नहीं मिला है कि आप मस्जिदों के बाहर टेंट लगाकर उसे ढ़क दें। हमने अपनी स्वेच्छा से कांवड़ यात्रा को देखते हुए मस्जिद को ढ़क दिया है। दूसरी तस्वीर मुजफ्फरनगर के शामली रोड स्थित मस्जिद की है, इसके बाहर कांवड़ मार्ग पर कांवड़ यात्री चल रहे हैं, तो कुछ कांवड़ यात्रा मस्जिद के बाहर आराम कर रहे हैं। हालांकि मस्जिद के मेन गेट पर ताला लगा हुआ है, लेकिन मस्जिद के पीछे वाला रास्ता नमाजियों के लिए खोला गया है। मस्जिद के इमाम और स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह मुजफ्फरनगर शामली रोड है और यहां से प्रतिदिन लाखों कांवड़ यात्री निकलते हैं। कुछ कांवड़ यात्री थकान की वजह से मस्जिद के बाहर या दुकानों के बाहर आराम कर रहे हैं। इसलिए हमने कांवड़ मार्ग पर पड़ने वाले मस्जिद के में गेट पर ताला लगा दिया है, जिससे किसी को कोई परेशानी ना हो और हमारे कांवड़ यात्रियों को भी कोई असुविधा न हो। हालांकि हमने नमाज्यों के लिए मस्जिद का पीछे वाला रास्ता खोल दिया है। कांवड़ यात्रा भी निकल रही है और मस्जिद में नमाज भी अदा की जा रही है। हम यही चाहते हैं कि मुजफ्फरनगर से एक मोहब्बत का पैगाम जाए और कांवड़ यात्रा में हिंदू-मुस्लिम भाई चारे एकता का भी पैगाम जाए। मुजफ्फरनगर के कांवड़ मार्ग पर हालांकि सभी मस्जिदों को ढ़का नहीं गया है, लेकिन मुजफ्फरनगर के मीनाक्षी चौक और शामली रोड पर कांवड़ को देखते हुए या तो मस्जिद के बाहर टेंट लगाकर ढ़का गया है या फिर मस्जिद के मेन गेट पर ताला लगाया गया है।

## चंदन मिश्रा हत्याकांड मामले में मुख्य आरोपी सहित चार अभियुक्त हिरासत में

**पटना, 20 जुलाई (वार्ता)** बिहार में राजधानी पटना के शास्त्रीनगर थाना क्षेत्र के पारस अस्पताल में अपराधी चंदन कुमार मिश्रा की हुयी हत्या के मामले में मुख्य आरोपी सहित चार अभियुक्तों को हिरासत में ले लिया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय सूत्रों ने रविवार को यहां बताया कि 17 जुलाई को पारस अस्पताल में चंदन कुमार मिश्रा को गोली मारकर घायल कर दिया गया था। इलाज के दौरान चंदन मिश्रा की मौत हो गयी थी।इस सम्बन्ध में कांड दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। इस मामले में कोलकाता पुलिस एवं कोलकाता विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के सहयोग से मुख्य आरोपी तौशीफ उर्फ बादशाह को कोलकाता से हिरासत में लिया गया है। साथ ही, निशु खान सहित अन्य दो को भी हिरासत में लिया गया है। सूत्रों ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में यह तथ्य प्रकाश में आया है कि निशु खान के आवास पर ही इस हत्या की साजिश रची गई थी तथा घटना को अंजाम मुख्य रूप से तौशीफ उर्फ बादशाह द्वारा दिया गया।घटना के संदर्भ में अन्य संदिग्ध व्यक्तियों से भी पूछताछ जारी है।

## चारा लेकर लौट रही अधेड़ महिला से दुष्कर्म का प्रयास

**भोपा, 20 जुलाई (बु.)।** थानाक्षेत्र के एक गांव के मार्ग पर रविवार को शर्मसार करने वाले मामले में स्कूटी सवार गैर संप्रदाय के आरोपी ने चारा लेकर घर लौट रही अधेड़ महिला की खेत में खींच लिया और उससे दुष्कर्म का प्रयास किया। महिला द्वारा शोर मचाने पर मौके पर आए युवक को देखकर आरोपी मौके से फरार हो गया, जिसके बाद पीड़ित महिला ने मौके से गुजर रही डॉयल-112 पुलिस को मामले की सूचना दी और थाने पर पहुंचकर आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी से पूछताछ जारी है। भोपा थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि रविवार की सुबह वह अपने गांव के जंगल से अपने पशुओं के लिए चारा लेकर वापिस घर लौट रही थी, तभी थानाक्षेत्र के गांव नंगला बुजुर्ग निवासी गैर संप्रदाय के स्कूटी सवार आरोपी ने उसे अकेली देखकर अपनी स्कूटी रोक ली और बदनीयती से उसे पीछे से दबोच लिया, जिसके बाद आरोपी उसे खींचकर ईख के खेत में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास करने लगा। महिला द्वारा शोर मचाने पर गांव निवासी एक युवक मौके पर आ गया, जिसे देखकर आरोपी मौके से फरार हो गया। बदहवास हालत में खेत



से बाहर आई महिला ने मौके से गुजर रही डॉयल-112 पुलिस और अपने परिजनों को घटना की सूचना दी, जिसके बाद महिला भोपा थाने पर पहुंची और आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। भोपा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी साकिब पुत्र मेहरबान निवासी नंगला बुजुर्ग को क्षेत्र की एक पेस्टीसाइड फैक्ट्री के पास से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर 75 कैन गंगाजल और सरकार की 75 योजनाओं को गिनवाता चल रहा मोदी भक्त

**मुजफ्फरनगर, 20 जुलाई (बु.)।** मोदी का भक्त शिवभक्त (प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन को लेकर एक शिवभक्त फैन उनके नाम की कांवड़ लाया है। कांवड़ में 75 लीटर गंगाजल की 75 कैन जिन पर 75 प्रधानमंत्री योजनाओं का नाम लिखा है। नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ 2029 में भी चौथी बार मोदी के प्रधानमंत्री बनने की मन्नत लेकर उक्त कांवड़ियां कावड़ लाया है। मुजफ्फरनगर जनपद में एक कांवड़ ऐसी भी आई है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक



फैन शिवभक्त कांवड़ियां लेकर आया था। ये अनोखा शिवभक्त कांवड़ियां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष में अपनी यह 75 लीटर गंगाजल की 75 कैन लेकर कांवड़ यात्रा कर रहा है। इन सभी 75 गंगाजल की कैनों पर मोदी के इस शिवभक्त फैन ने 75 प्रधानमंत्री योजनाओं के नाम भी लिखे हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह फैन शिवभक्त कांवड़ियां धीरूभाई हरिद्वार हर की पौड़ी से गंगाजल उठाकर गाजियाबाद दूधेश्वर नाथ मंदिर में शिवरात्रि के दिन भगवान शंकर को जलाभिषेक करेगा। रोजाना 40 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर मोदी के इस फैन ने भगवान शिव शंकर से मन्नत मांगी है कि 2029 में चौथी बार नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बनकर जवाहरलाल नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ें। मोदी के फैन इस शिव भक्त कांवड़िए की माने तो वह लोनी गाजियाबाद का रहने वाला है और यह कांवड़ मोदी जी के जन्मवर्ष के 75वें जन्मदिन दिवस के उपलक्ष में है। उसका यह उद्देश्य है कि मोदी जी ने 2014 से 2025 तक के कार्यकाल जो मुख्य मुख्य काम किए हैं, यह उनके लिए जलसमर्पित है। नमो स्नान बोला जाएगा, उनको मोदी जी को नमो स्नान कराया जाएगा। 75 वर्ष के उपलक्ष में 75 लीटर जल से यह मैंने अभी बनाया है। महीने भर से पहले में लेकर आया था। उसने बताया कि उसकी कांवड़ खंडित कर दी गई थी। पूर्व में वह विकसित भारत के नाम से कांवड़ लेकर आया था। सावन के एक हफ्ते बाद गया था, जब मैं बीमार था, जब मेरी कांवड़ खण्डित कर दी गई थी। हा ये पहली कांवड़ है यह जल मोदी जी को जाएगा, जल में दूधेश्वर मंदिर गाजियाबाद पर चढ़ाऊंगा। मैं अकेला हूं और मेरा दोस्त साथ में हैं। मनोकामना यह है कि मोदी जी 75 वर्ष में नए रूप रंग में आए और 2029 का जो चुनाव होगा और वो जीते और नेहरू का रिकॉर्ड तोड़े। नेहरू का रिकॉर्ड तोड़कर मोदी जी 20 वर्ष तक प्रधानमंत्री रहेंगे। लगातार 4 कार्यकाल पूरा करेंगे। विकसित भारत मोदी जी का संकल्प है और हर युवा का संकल्प है। इसको लेकर मैं भी एक छोटा सा योगदान दे रहा हूं, यह जो मुख्य योजना है, वैसे तो उनकी सैकड़ों योजनाएं हैं, लेकिन मुख्य जो योजनाएं जो मुझे अच्छी लगी 75वें जन्मदिन पर मैं समर्पित करने के लिए 75 लीटर जल में लेकर आया हूं।










सम्भलेहड़ा शिविर में सेवा कर रहे अर्पण व अर्णव के साथ एसएसपी व डीएम।





# डीएम व एसएसपी ने सम्भलेहड़ा कांवड़ सेवा शिविर में पहुँचकर शिवभक्तों की सेवा की

## - शिविर में शिवभक्तों की दिन रात सेवा कर रही पुलिस
## - डीएम व एसएसपी ने सेवा कर रहें बच्चों को सराहा

**मीरापुर, 20 जुलाई (बु.)।** मीरापुर की सम्भलेहड़ा नहर पुल पर पुलिस द्वारा लगाए गए कांवड़ सेवा शिविर में पहुँचकर डीएम उमेश कुमार मिश्रा व एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने हरिद्वार से गंगाजल लेकर आ रहे शिवभक्तों की सेवा करते हुए दोनों अधिकारियों ने अपने हाथों से शिवभक्तों को फ्रूटी,जूस व फलाहार वितरित किए तथा शिवभक्तों का हाल जाना। इस दौरान डीएम व एसएसपी ने शिविर में सेवा कर रहे बच्चों को सहारते हुए उनकी प्रशंसा की। शिविर में पुलिसकर्मी पूरी मेहनत के साथ शिवभक्तों की सेवा में जुटे हैं। हरिद्वार से गंगाजल लेकर आ रहे शिवभक्तों के लिए मीरापुर पुलिस द्वारा सम्भलेहड़ा नहर पुल पर लगाया गया कांवड़ सेवा शिविर बहुत सहायक साबित हो रहा है, यहाँ शिवभक्तों की सेवा के लिए सीओ जानसठ यतेन्द्र नागर, इंस्पेक्टर मीरापुर बबलू कुमार वर्मा, इंस्पेक्टर क्राइम सुनील मिश्रा, एसएसआई महेश गौतम व हेड कॉन्स्टेबल कालूराम यादव, जितेन्द्र यादव व सचिन सिंह समेत सभी पुलिसकर्मी व दर्जनों नागरिक दिन रात जुटे है। यहाँ आने वाले शिवभक्तों को प्रसाद के रूप में नए नए व्यंजन हलवा, खीर, फ्रूटी, फलाहार दिए जा रहे हैं। रविवार को जिलाधिकारी उमेश कुमार मिश्रा व एसएसपी संजय कुमार वर्मा सम्भलेहड़ा नहर शिविर में पहुँचे तथा यहाँ काफी देर तक रुककर शिवभक्तों की सेवा की डीएम व एसएसपी ने यहाँ आने वाले कांवड़ियों अपने हाथों से फ्रूटी, कोल्डड्रिंक, पानी की बोतलें व फलाहार तथा प्रसाद का हलवा वितरित किया। इस दौरान एसएसपी व डीएम ने कांवड़ियों से उनका हाल-चाल जाना तथा चोटिल शिवभक्तों की भी सेवा की। इस दौरान डीएम उमेश कुमार मिश्रा व एसएसपी संजय वर्मा ने कांवड़ शिविर में शिवभक्तों की सेवा कर रहे दो नन्हे बच्चों अर्पण भारद्वाज व अर्णव भारद्वाज की जमकर सराहना की तथा दोनों की प्रशंसा करते हुए उन्हें बधाई दी। इसके अलावा दोनों अधिकारियों ने पुलिस के कांवड़ शिविर की सराहना करते हुए शिविर में सेवा कर रहे पुलिसकर्मियों की भी प्रशंसा की। वहीं शिविर की सुविधा देखकर शिवभक्त भी पुलिस की प्रशंसा करते नहीं थक रहे।

## तेज रफ्तार एंबुलेंस की टक्कर से 3 कांवड़ियों की मौत

गाजियाबाद, 20 जुलाई (एजेंसी)। दिल्ली मेरठ मार्ग पर रेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है। यहां तेज रफ्तार एंबुलेंस ने कांवड़ियों के एक समूह को टक्कर मार दी। इस हादसे में तीन कांवड़ियों की मौत हो गई। दिल्ली मेरठ मार्ग पर कादराबाद में रात सवा 12 बजे ये हादसा हुआ है। हादसे के बाद तीनों को मेरठ के सुभारती अस्पताल रेफर किया गया था। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। तीनों मृतक कांवड़ियों की पहचान हुई है। दो कांवड़िया गाजियाबाद के और एक दिल्ली का रहने वाला है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार जहां कांवड़ियों के ऊपर फूल बरसाने और राह की अड़चनों को दूर कर रही है वहीं पर स्वास्थ्य विभाग के दावों के बाद भी कांवड़ियों को पर्याप्त इलाज नहीं मिल पा रहा है। शनिवार को सड़क हादसे में एक कांवड़िए की मौत हो गई और दो घायल कांवड़ियां जिला एमएमजी अस्पताल पहुंचे। घायल कांवड़ियां योगेश के पिता रामआसरे ने बताया कि ओपीडी में दिखाने को पर्ची काउंटर से पहले पर्ची बनवाई। इसके बाद हड्डी रोग विशेषज्ञ को दिखाया। डॉक्टर ने एक्स-रे कराने को भेज दिया। स्ट्रेचर पर उसके मां-बाप ही लेकर योगेश को घूमते रहे। बाद में कई जगह फ्रैक्चर होने पर संबंधित चिकित्सक ने योगेश को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। सीएमएस डॉ. राकेश कुमार सिंह का कहना है कि संयुक्त अस्पताल संजयनगर में मेडिकल कराने के बाद दोनों घायल ओपीडी में केवल एक्स-रे कराने को आए थे। श्रवण और योगेश को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। शुक्रवार को भी हरिद्वार से कांवड़ लेकर पैदल लौट रही किशोरी की रास्ते में अचानक तबीयत बिगड़ गई।

## भारत-पाक लीजेंड्स मैच रद्द, धवन-रैना समेत भारतीय क्रिकेटरों ने खेलने से किया इन्कार

**बर्मिंघम, 20 जूलाई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेटरों के पाकिस्तान के साथ खेलने पर मना करने के बाद वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स के आयोजकों ने भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले मैच को रद्द कर दिया है। आयोजकों ने लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचने के लिए माफी मांगी है। यह मैच 20 को बर्मिंघम में खेला जाना था। भारतीय खिलाड़ी सुरेश रैना और शिखर धवन, हरभजन सिंह, इरफान पठान और यूसुफ पठान ने इस मैच में खेलने से मना कर दिया था। अपने बयान में कहा कि उन्होंने हाल ही में भारत और पाकिस्तान के बीच हुए वॉलीबॉल मैच के बाद ही भारतीय लीजेंड्स और पाकिस्तान लीजेंड्स के बीच मैच कराने का फैसला किया। लेकिन इससे कई लोगों की भावनाएं आहत हुईं और भारतीय लीजेंड्स भी पाकिस्तान के खिलाफ खेलने को लेकर असहज थे। इस वजह से मैच रद्द करने का फैसला लिया गया। 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारत-पाक के बीच तनाव की स्थिति है। इसका असर दोनों देशों के खेलों पर भी पड़ा है।

## शरारती तत्वों द्वारा खंडित की गयी गुरु गोरखनाथ की प्रतिमा दोबारा हुई स्थापित



**चरथावल, 20 जुलाई (बु.)।** ग्राम घिस्सूखेड़ा में शरारती तत्वों द्वारा खंडित की गयी गुरु गोरखनाथ की प्रतिमा के स्थान पर ग्रामीणों के सहयोग से प्रशासन द्वारा रविवार को गुरु गोरखनाथ की नई प्रतिमा विधि विधान के साथ स्थापित कराई गई। यज्ञ में यजमान के रूप में प्रमोद त्यागी सपत्नीक उपस्थित रहे। भंडारे का आयोजन किया गया। चरथावल थाना क्षेत्र के गांव घिस्सूखेड़ा के बाहरी छोर पर बनी गोगा म्हाड़ी परिसर में गुरु गोरखनाथ का मंदिर स्थित है। 8/9 जुलाई की रात्रि में शरारती तत्व द्वारा मंदिर में स्थापित गुरु गोरखनाथ की प्रतिमा को खंडित कर दिया गया था। प्रतिमा खंडित किये जाने की सूचना पर ग्रामीणों का तांता लग गया था। सूचना पर त्यागी भूमिहार महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष काला प्रधान,भाकियू ब्लॉक अध्यक्ष संजय त्यागी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए धरना-प्रदर्शन किया था। प्रतिमा खंडित होने की सूचना पर एसडीएम सदर निकिता शर्मा, सीओ सदर देवव्रत वाजपेई व थाना प्रभारी जसवीर सिंह पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर नयी प्रतिमा स्थापित कराने का आश्वासन देकर ग्रामीणों को शांत किया था। इस मामले में गांव निवासी नवीन त्यागी द्वारा रात्रि में किसी अज्ञात असामाजिक तत्व द्वारा प्रतिमा खंडित करने का मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर इस घटना का राजफाश करते हुए गांव निवासी ओमपाल उपाध्याय(तांत्रिक) गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने बताया कि पूर्व प्रधान उमेश त्यागी, प्रमोद कुमार, अरविंद कुमार, नवीन कुमार, योगेश त्यागी आदि ग्रामीणों के सहयोग से पूजा-अर्चना के बाद नई प्रतिमा की स्थापना की गयी। प्राण-प्रतिष्ठा में भाजपा नेता विवेक बालियान, महिला आयोग की सदस्य सपना कश्यप, त्यागी भूमिहार महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष काला प्रधान, जिला पंचायत सदस्य विपिन त्यागी आदि ने शिरकत की।





## स्वामी कल्याणदेव स्कूल में भव्य कांवड़ सेवा शिविर का आयोजन

### – शिवभक्तों को वितरित किया गया खजूर वाले दूध का प्रसाद

**मुजफ्फरनगर, 20 जुलाई (बु.)।** बागोवाली स्थित स्वामी कल्याणदेव स्कूल में आज एक भव्य कांवड़ सेवा शिविर का आयोजन किया गया, जहाँ हजारों शिवभक्त कांवड़ियों को श्रद्धापूर्वक दूध का प्रसाद वितरित कर उनकी सेवा की गई। शिवभक्ति और सेवा भावना से ओतप्रोत इस पुनीत आयोजन में नगर के अनेक सम्मानित जनों और समाजसेवियों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। शिविर में उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों और स्वयंसेवकों ने कांवड़ियों की सेवा में सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्षा मीनाक्षी स्वरूप, मुजफ्फरनगर बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ, वरिष्ठ पत्रकार अरविंद भारद्वाज एवं कार्यक्रम के आयोजक भीम सैन कंसल सहित सभासद प्रशांत गौतम, नवनीत गुप्ता, पूर्व सभासद विकल्प जैन सहित अनेक श्रद्धालु एवं समाजसेवी मौजूद रहे। आयोजकों ने बताया कि यह शिविर कांवड़ यात्रा पर निकले शिवभक्तों की सेवा और उन्हें जलपान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। सेवाभाव से परिपूर्ण इस आयोजन में सभी ने मिलकर एक सफल और प्रेरक कार्य को अंजाम दिया, जिसकी स्थानीय लोगों ने भूरी-भूरी प्रशंसा की। बागोवाली मंदिर प्रांगण में लगाए गए कांवड़ सेवा शिविर में मुख्य रूप श्री गणपति-खाटू श्याम मंदिर समिति से जुड़े उद्यमी भीम कंसल एवं मुजफ्फरनगर बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ के अलावा मंदिर के अध्यक्ष अशोक गर्ग, अनिल गोयल, चाचा जेपी गोयल, कैलाश चन्द ज्ञानी, सोम प्रकाश कुच्छल, अंबरीश सिंघल, विनोद राठी, बिजेन्द्र कुमार रानो, विकास अग्रवाल, प्रतीक कंसल, रजत राठी, नीरज गोयल, अमित गोयल, रजत गोयल, नवीन अग्रवाल, शुभम तायल, अंकित अग्रवाल, नवनीत गुप्ता, तुषार गर्ग, यश गर्ग व परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 20 जुलाई, (बु.)।** मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 98450 | चांदी- | 113000 |
| सिक्का- | 1230 | गिन्नी- | 73345 |

### आपका आज का राशिफल

**सोमवार, 21 जुलाई, 2025**

**मेष-** परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूर्त, अपने स्तर को बनाये रखने के लिए अधिक व्यय, कार्य क्षमता व मान सम्मान में वृद्धि, यात्रा सुखद।

**वृषभ-** दिन शुभ, धमागम का सुयोग, परिश्रम के अनुरूप सफलता, दूसरों की सलाह से कामयाबी, बुद्धि का विकास, घरेलू समस्याएं सुलझने की ओर, स्थान परिवर्तन।

**मिथुन-** शुभ भावनाओं का उदय, उन्नति का सुअवसर, अधिकारियों से अपेक्षित सहयोग, सुसंदेश मिलने से खुशी, व्यक्तित्व का विकास, धार्मिक क्रियाकलापों में रुचि।

**कर्क-** विचारित योजना अधूरी, शंका-कुशंका प्रभावी, कार्यों में विफलता, आय में कमी, किसी बात को लेकर परेशान, शत्रु सक्रिय, मित्रों से तनाव, आवागमन में निराशा।

**सिंह-** समय अनुकूल, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, आपसी वैमनस्यता में कमी की अनुभूति, विशिष्टजनों से सम्पर्क, सुख के साधन उपलब्ध।

**कन्या-** कार्यों में महत्वपूर्ण सफलता, परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण, आपसी सम्बन्धों में मधुरता, धर्म के प्रति आस्था, स्थान परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम।

**तुला-** व्यापार में धन निवेश, अधीस्थ सहयोगियों से सहयोग, कार्यक्षमता में वृद्धि, राजकीय पक्ष से लाभान्वित, यश-मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि, आवागमन में अनुकूलता।

**वृश्चिक-** विविध पक्षों में निराशा, स्वास्थ्य में शिथिलता, किसी बात को लेकर परेशान, अपेक्षित सहयोग का अभाव, यात्रा में परेशानी, विश्वासघात की आशंका।

**धनु-** किसी योजना पर कार्यारम्भ, व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, नवसम्पर्क से कुछेक मसला हल हल होने की ओर, मनोरंजन की ओर रुझान, व्यक्तित्व का विकास।

**मकर-** व्यवसाय में विस्तार, प्रभावशाली हस्तियों से असहयोग, निजी जिन्दगी में सुख के साधन सुलभ, अपने स्तर को बनाये रखने के लिए व्यय, कर्ज की निवृत्ति।

**कुम्भ-** दिनचर्या अनुकूल, जटिल समस्याओं का संतोषजनक समाधान, आपसी सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, बकाए धन की प्राप्ति, यश में वृद्धि।

**मीन-** परिश्रम के बावजूद आंशिक सफलता, जोखिम से नुकसान, कार्यों में विफलता, पारिवारिक शारीरिक कष्ट, किसी से विश्वासघात, स्वजनों से मनमुटाव।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाउन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

## एसडी पब्लिक स्कूल में पॉस्को एक्ट 2012 पर जागरूकता कार्यशाला का सफल आयोजन




**मुजफ्फरनगर, 20 जुलाई (बुस.)।** शनिवार को बच्चों की सुरक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पटेल नगर स्थित एसडी पब्लिक स्कूल में एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला पॉस्को एक्ट 2012 पर केंद्रित थी और इसका नेतृत्व प्रसिद्ध विधिवेत्ता डॉ. माधुरी सिंह ने किया। कार्यक्रम का प्रारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वल एवं माल्यार्पण करके किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. माधुरी सिंह का स्वागत विद्यालय प्रधानाचार्या भारती तिवारी एवं उपप्रधानाचार्य शिवकुमार शर्मा, जूनियर विंग इचार्ज डॉ. रचना जैन व गीता मित्तल द्वारा एक पौधा भेंट कर किया गया। कार्यशाला में विद्यालय के समस्त स्टाफ के सदस्यों की उपस्थिति रही। डॉ. माधुरी सिंह ने पॉस्को एक्ट 2012 बच्चों की सुरक्षा का अधिकार, बच्चों के यौन उत्पीड़न से संरक्षण अधिनियम 2012 के मुख्य प्रावधानों पर विस्तार में जानकारी दी। यह कानून बच्चों को अपराधों से बचाने के लिए बनाया गया है और इसमें आरोपी के लिए कड़ी सजा का प्रावधान है। कार्यशाला में छात्रों से संबंधित अन्य बातों में शिक्षकों को यह भी बताया गया कि यदि बच्चों के साथ या उनके किसी जानने वाले के साथ कोई अनुचित व्यवहार होता है, तो वे किस प्रकार साहसपूर्वक अपनी बात रख सकते हैं। कार्यशाला में बच्चों की सुरक्षा और शिक्षकों की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। डॉ. माधुरी सिंह ने शिक्षा जगत से जुड़े कर्मियों को बच्चों की सुरक्षा से संबंधित कानूनी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बच्चों की सुरक्षा आज के समय की आवश्यकता है, यह कार्यशाला सभी शिक्षकों को जागरूक और उत्तरदायी बनाने की दिशा में एक प्रभावशाली कदम है। यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम बच्चों से बातें करें उनकी समस्याएँ सुनें और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करें। कार्यशाला में शिक्षकों द्वारा कई प्रश्न पूछे गये, जिनका उत्तर डॉ. माधुरी सिंह ने धैर्य और समझदारी से दिया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या भारती तिवारी ने डॉ. माधुरी सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं शिक्षकों में बच्चों के प्रति अपने कर्तव्यों की जागरूकता बढ़ाती हैं और हमें आत्मविश्वासी बनाती है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रधानाचार्या द्वारा डॉ. माधुरी सिंह को उपहार स्वरूप एक स्मृति चिह्न विद्यालय की ओर से भेंट किया गया।

## ईयू ने भारतीय रिफाइनरी पर लगाया प्रतिबंध




**नई दिल्ली, 20 जुलाई (एजेंसी)।** यूरोपीय संघ ने एक बड़ा और अप्रत्याशित कदम उठाते हुए भारत की एक प्रमुख रिफाइनरी पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह पहली बार है जब ईयू ने रूस के खिलाफ लगाए गए प्रतिबंधों के दायरे में किसी भारतीय कंपनी को शामिल किया है। इस फैसले ने भारत-यूरोप संबंधों में एक नई चुनौती पेश कर दी है और इसका भारतीय अर्थव्यवस्था पर क्या असर होगा, यह बड़ा सवाल बन गया है, जिस भारतीय रिफाइनरी को निशाना बनाया गया है, वह गुजरात के वाडिनार में स्थित नायरा एनर्जी लिमिटेड है। पहले इसे एस्सार ऑयल के नाम से जाना जाता था। इस रिफाइनरी में रूसी तेल कंपनी रोसनेफ्ट की लगभग 49.13% हिस्सेदारी है। यही कारण है कि ईयू ने इसे अपने नवीनतम प्रतिबंध पैकेज में शामिल किया है। ईयू का यह कदम रूस पर यूक्रेन युद्ध के मद्देनजर दबाव बनाने की अपनी रणनीति का हिस्सा है। ईयू का मानना है कि नायरा एनर्जी, रूसी तेल को रिफाइन करके यूरोपीय बाजारों में बेच रही थी, जिससे रूस को राजस्व मिल रहा था। यूरोपीय संघ ने रूस की तेल आय को कम करने और अवैध तेल परिवहन पर अंकुश लगाने के मकसद से यह प्रतिबंध लगाया है। यह ईयू का रूस पर 18वां प्रतिबंध पैकेज है, जिसमें बैंकों पर सख्ती, गुपचुप तेल ढुलाई (शैडो फ्लीट) पर रोक, और तेल की कीमत की सीमा को और नीचे लाने जैसे कदम शामिल हैं। सबसे सीधा असर नायरा एनर्जी के यूरोपीय देशों को पेट्रोल और डीजल जैसे पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात पर पड़ेगा। नायरा अब यूरोप को इन उत्पादों का निर्यात नहीं कर पाएगी। भारत, यूरोप को रिफाइंड ईंधन का एक प्रमुख निर्यातक है, ऐसे में यह कदम भारत के लिए चिंता का विषय है। रॉयटर्स और ईटी की रिपोर्टों के अनुसार, यह प्रतिबंध नायरा एनर्जी के लिए तो झटका है ही, लेकिन रूसी तेल से बने ईंधन पर प्रतिबंध से रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी अन्य भारतीय रिफाइनरियों के लिए भी चुनौती बढ़ सकती है, जो यूरोपीय बाजारों में रिफाइंड उत्पाद बेचती हैं। भारत सरकार ने इन प्रतिबंधों पर कड़ा विरोध जताया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा है कि भारत किसी भी एकतरफा प्रतिबंध को नहीं मानता जो संयुक्त राष्ट्र के दायरे के बाहर हों। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए अपनी प्राथमिकताएं तय करेगा और ऊर्जा व्यापार में दोहरे मापदंड स्वीकार्य नहीं हैं। यह मामला निश्चित रूप से भारत और यूरोपीय संघ के बीच राजनयिक तनाव को बढ़ाएगा।

## डिजिटल भुगतान में भारत विश्व में नंबर एक

### - यूपीआई से हर महीने 18 अरब रुपये के लेनदेन; 49 करोड़+ हैं यूजर्स




**नई दिल्ली, 20 जुलाई (एजेंसी)।** भारत कैशलेस और डिजिटल अर्थव्यवस्था की ओर तेजी से बढ़ रहा है। हर महीने बढ़ता विश्वास, आसान और मुफ्त लेन-देन, और तकनीक का उपयोग भारत को विश्व का डिजिटल भुगतान महाशक्ति बना रहा है। भारत अब तेज डिजिटल भुगतान के मामले में पूरी दुनिया में सबसे आगे निकल गया है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की नई रिपोर्ट 'खुदरा डिजिटल भुगतान का बढ़ता चलनः इंटरऑपरेबिलिटी का महत्व' के अनुसार, भारत का यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) इस क्रांति का मुख्य आधार है। 2016 में नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) की तरफ से शुरू किया गया यूपीआई, आज भारत में पैसे भेजने और पाने का सबसे तेज, आसान और भरोसेमंद तरीका बन चुका है। यूपीआई के जरिए एक ही मोबाइल ऐप से कई बैंक खातों को जोड़ा जा सकता है। फिर चाहे किसी को पैसे भेजने हों, दुकान में भुगतान करना हो या दोस्तों को पैसे ट्रांसफर करने हों- सब कुछ कुछ ही क्लिक में हो जाता है। आज भारत में हर महीने 18 अरब से ज्यादा लेन-देन यूपीआई के जरिए हो रहे हैं। जून 2025 में ही यूपीआई ने 18.39 अरब लेनदेन के जरिए 24.03 लाख करोड़ रुपये का भुगतान संसाधित किया। पिछले साल जून में यह आंकड़ा 13.88 अरब लेन-देन था। यानी एक साल में करीब 32% की बढ़त दर्ज की गई है। आज यूपीआई से 491 मिलियन यानी 49.1 करोड़ लोग और 65 लाख व्यापारी जुड़े हुए हैं। यूपीआई पर 675 बैंक एक साथ काम करते हैं, जिससे कोई भी व्यक्ति किसी भी बैंक से किसी को भी भुगतान कर सकता है, बिना बैंक के नाम की चिंता किए। भारत में जितने भी डिजिटल लेन-देन होते हैं, उनमें से 85% यूपीआई के माध्यम से होते हैं। इतना ही नहीं, पूरी दुनिया के 50% रियल-टाइम डिजिटल भुगतान अकेले भारत के यूपीआई से होते हैं। यूपीआई अब भारत तक ही सीमित नहीं है। यह सेवा सात देशों में शुरू हो चुकी है। जिसमें यूएई, सिंगापुर, भूटान, नेपाल, श्रीलंका, फ्रांस और मॉरिशस शामिल हैं। वहीं, फ्रांस में यूपीआई की शुरूआत भारत के लिए एक बड़ा कदम है, क्योंकि यह यूरोप में यूपीआई की पहली एंट्री है। अब वहां रह रहे भारतीय बिना किसी विदेशी पेमेंट झंझट के आसानी से भुगतान कर सकते हैं। पीआईबी के अनुसार भारत चाहता है कि यूपीआई को ब्रिक्स देशों का साझा डिजिटल पेमेंट सिस्टम बना दिया जाए। अगर ऐसा होता है, तो यह विदेशों से पैसे भेजने को आसान बनाएगा, वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देगा और भारत की डिजिटल लीडरशिप को और मजबूत करेगा। यूपीआई की इस सफलता की नींव वर्षों पहले जन धन योजना से रखी गई थी। इस योजना के तहत जुलाई 2025 तक 55.83 करोड़ बैंक खाते खोले जा चुके हैं। इन खातों ने करोड़ों लोगों को पहली बार बैंकिंग सुविधा दी, सरकारी योजनाओं का पैसा सीधे खाते में मिलने लगा और लोगों को सुरक्षित बचत का विकल्प मिला।

## आतंकी हमले की साजिश नाकाम: बीकेआई के तीन आतंकी गिरफ्तार

**पंजाब, 20 जुलाई (एजेंसी)।** पंजाब में बड़ी आतंकी घटना को अंजाम दिए जाने से पहले तीन आतंकियों को गिरफ्तार किया गया है। काउंटर इंटेलिजेंस (सीआई) पटियाला और स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (एसएसओसी) मोहाली ने खुफिया सूचना के आधार पर ज्वाइंट ऑपरेशन के दौरान बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के तीन आतंकियों को गिरफ्तार किया है। ये तीनों आरोपी 1 अप्रैल 2025 को पटियाला के बादशाहपुर और 6 अप्रैल 2025 को हरियाणा के अजीमगढ़ में पुलिस चौकी पर हुए ग्रेनेड हमलों में शामिल थे। आतंकियों की गिरफ्तारी के बाद इनसे दो हैंड ग्रेनेड, एक .30 बोर और एक .32 बोर की पिस्तौल बरामद की गई हैं। जांच में खुलासा हुआ है कि इन हमलों को विदेशों में बैठे बीकेआई ग्रुप के आतंकी मनु अगवान (ग्रीस) और मनिंदर बिल्ला (मलेशिया) के निर्देश पर अंजाम दिया गया। यह मॉड्यूल पाकिस्तान स्थित आतंकी हरविंदर सिंह रिंदा और पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के निर्देशों पर काम कर रहा था।

## बच्चों सहित आत्महत्या करने जा रही महिला को बचाया

**मुजफ्फरनगर, 20 जुलाई (बु.)।** चौधरी चरण सिंह कांवड़ पटरी गंग नहर मार्ग स्थित जौली गंगनहर पर दो बच्चों के साथ आत्महत्या करने जा रही महिला को राहगीर ने तत्परता दिखाते हुए बचा लिया। नगर में चौधरी चरण सिंह कांवड़ पटरी गंगनहर मार्ग पर दो बच्चों के साथ आत्महत्या करने जा रही महिला को राहगीर ने तत्परता दिखाते हुए बचा लिया है। पति की प्रताड़ना से तंग आकर जौली नहर पुल से दो बच्चों संग नहर मे छलांग लगाकर आत्महत्या करने जा रही महिला को एक युवक साहस दिखाते हुए बड़ी मुश्किल से रोका, जिसके बाद पुलिस द्वारा महिला को समझा-बुझाकर उसको परिजनों के हवाले किया है।

## गंगा प्लाजा मार्किट के शिविर का भंडारे के साथ हुआ समापन

**मुजफ्फरनगर, 20 जुलाई (बु.)।** नगर के मेरठ रोड गंगा प्लाजा मार्किट में बीते 17 वर्षों से संचालित अखिल भारत हिन्दू महासभा के 18वें विशाल कांवड़ सेवा शिविर का रविवार सायं को समापन हो गया। बीते 17 जुलाई से आयोजित होने वाले इस 18वें विशाल कांवड़ सेवा शिविर में शिवभक्त कांवड़ियों को इस बीच चाय-नाश्ता के साथ दोनों समय के भोजन-प्रसाद के साथ ही इन शिवभक्तों द्वारा निःशुल्क सेवा की गई। इस दौरान समिति से जुड़े पदाधिकारी दिन-रात सेवा भाव के साथ भक्ति भाव के साथ जुटे दिखाई दिए। समापन अवसर पर शिविर में कांवड़ियों को प्रसाद के रूप में भोजन-प्रसाद के साथ चाय-पकोड़ी, ब्रेड, इमरती और खीर के रूप में भोलों को प्रसाद का वितरण किया गया। बुलेटिन वाली गली में लगने वाले इस विशाल भंडारे में अखिल भारत हिन्दू महासभा लक्ष्मीनगर के अलावा अखिल भारतीय हिन्दू एकता दल, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापारी सुरक्षा संगठन, श्री खाटू श्याम जी सेवा संघ परिवार, श्री बालाजी परिवार सेवा संघ, जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया और जस समता पार्टी से जुड़े पदाधिकारी एवं सदस्य इस दौरान मौजूद रहे।

## अहमदाबाद में एक ही परिवार के 5 लोगों ने की आत्महत्या

**अहमदाबाद, 20 जुलाई (एजेंसी)।** गुजरात के अहमदाबाद जिले के बावला तालुका में स्थित बगोदरा गांव में शनिवार को एक घटना ने पूरे इलाके में सनसनी मचा दी है। यहां एक ही परिवार के पांच लोगों ने अज्ञात कारणों से जहर खाकर आत्महत्या कर ली। मरने वाले लोगों में पति-पत्नी और उनके तीन मासूम बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान विपुल कांजीभाई वाघेला (34 वर्ष), उनकी पत्नी सोनल वाघेला (26 वर्ष), उनकी दो बेटियां करीना उर्फ सिमरन (11 वर्ष) और प्रिंसी (5 वर्ष), और बेटा मयूर (8 वर्ष) के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक ये परिवार मूल रूप से धोलका के बरकोठा क्षेत्र के देवी पूजक वास का रहने वाला था और हाल ही में बगोदरा बस स्टैंड के पास एक किराए के मकान में रहने आया था।



बेटियां तो सब अपनी हैं। नन्हीं भोली की सेवा करते मुजफ्फरनगर बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ।






## राउंड टेबल ने किया कांवड़ सेवा शिविर का शुभारम्भ

**मुजफ्फरनगर, 20 जुलाई (बु.)।** नगर के मेरठ रोड स्थित इंजीनियरिंग पैट्रोल पम्प पर विशाल कांवड़ सेवा शिविर का आयोजन किया गया। कांवड़ सेवा शिविर में शिवभक्त भोलों की तन-मन से सेवा की गयी। उक्त शिविर का शुभारम्भ मुजफ्फरनगर बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ व पूर्व पालिका चेयरमैन अंजू अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया।

इस दौरान मुजफ्फरनगर राउंड टेबल के चेयरमैन अंकित गुप्ता, वाइस चेयरमैन सुलभ गोयल, सैकेट्री शोभित गर्ग, दीपांशु प्रकाश, अभिषेक सोबती, श्रेय गोयल समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस कांवड़ सेवा शिविर में मुख्य अतिथि अंकुर दुआ व अंजू अग्रवाल को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। उक्त कांवड़ सेवा शिविर में शिकंजवी व हलवे का वितरण किया। सभी ने श्रद्धापूर्वक सेवा की। इस दौरान मुख्य रूप से अलीशा, सौरभ अखिलेश गुप्ता ( इंजीनियर पेट्रोल पम्प), अंकित गुप्ता, प्रसून अग्रवाल, श्रेय गोयल, व्योम, सुलभ, शोभित, शिवांग, मोहित, सौरभ, दीपू, अर्पित, अंशुल, अर्चित, अनिकेत, झलक, निकिता, आरुषि, दीपिका सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

# शिवभक्तों पर योगी द्वारा पुष्पवर्षा

कांवड़ यात्रा, श्रद्धा-भक्ति और आनन्द के साथ चल रही है। प्रशासन बड़ी सतर्कता से शिवभक्तों तथा अन्य नागरिकों के यातायात को चला रहा है। मेरठ में शिवभक्तों पर मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ द्वारा पुष्पवर्षा की गयी, शिवभक्तों ने भगवान शिव के जयघोष के साथ योगी-योगी के नारे भी लगाए। मुजफ्फरनगर में इस समय कांवड़ यात्रियों का बड़ा मेला है। खतौली में भी कांवड़ यात्री विश्राम कर रहे हैं। मेरठ में कई स्थानों पर कांवड़ यात्रियों के लिए शिविर लगे हैं। मुख्यमन्त्री योगी ने हाईवे पर दुल्हेड़ा चौकी के सामने कांवड़ियों पर करीब 11 मिनट तक पुष्प वर्षा की। मुख्यमन्त्री ने पत्रकार वार्ता करते हुए कहा कि शिव लोकमंगल के देवता हैं। यह कृपा इस समय सभी शिव भक्तों पर बरस रही हैं। इस यात्रा से करोड़ों लोगों की भावना जुड़ी हैं। योगी आदित्यनाथ ने मेरठ में शिवभक्तों पर पुष्पवर्षा करते हुए कहा कि कांवड़ यात्रा सामाजिक समता का प्रतीक है। उन्होंने शिवभक्तों को सतर्क किया कि उपद्रवी, भेष बदलकर विघ्न डाल सकते हैं, इसलिए कानून हाथ में न लें और प्रशासन को सूचित करें। मुख्यमन्त्री शिवभक्तों की तपस्या और उल्लास देखकर अहोभाव से पुष्पवर्षा करते दिखायी दिये। मुख्यमन्त्री ने कहा कि शिवजी के तप की कठिन साधना में बच्चे, महिलाएं भी बढ़ चढ़कर भाग ले रहे हैं, वहीं सामाजिक और धार्मिक संगठन भक्ति भाव से भक्तों की सेवा कर रहे हैं। सरकार ने पूरा प्रबंधन किया है। सीएम ने कहा कि प्रशासन ने यातयात निर्बाध रखने की पूरी व्यवस्था की है, साथ ही शिवभक्तों से भी अनुरोध है कि वह अपने साथ चलने वाले श्रद्धालुओं और सामान्य यात्रियों की सुविधाओं का भी पूरा ध्यान रखें। इससे पहले सीएम योगी ने मेरठ से मुजफ्फरनगर तक कांवड़ मार्ग का हवाई निरीक्षण किया। हरिद्वार ही से 511 फीट लंबी तिरंगा कांवड़ देखने के लिए जगह-जगह भारी भीड़ उमड़ रही है। इसे लेकर चलने वाले शिवभक्तों का हर गाँव नगर में स्वागत हो रहा है। पुरकाजी, बरला, छपार, रामपुर तिराहा मुजफ्फरनगर, किनोनी, बरवाला, सांझक, तावली, हरसौली व काकड़ा तथा आगे जहां-जहां से 511 फीट लंबी तिरंगा कांवड़ निकल रही है, वहां-वहां स्वागत किया जा रहा है। डीजे की अधिक ऊंचाई समस्या न बने इसलिए मेरठ पुलिस ने अधिक ऊंचाई वाले डीजे कांवड़ वाहनों को रोककर उनमें तत्काल प्रभाव से संशोधन कराते हुए निर्धारित मानक के अनुरूप 10 फीट ऊंचा कराया। डीजे कांवड़ वाहनों की सघन जांच दादरी टोल अस्थायी चौकी तथा शिवाया टोल प्लाजा पर की गई। इस दौरान 100 से अधिक डीजे कांवड़ वाहनों की जांच की गई, जिनमें से कई की ऊंचाई निर्धारित मानक 10 फीट से अधिक पाई गई। कुछ डीजे की ऊंचाई 12 से 16 फीट तक थी, जिसे विद्युत लाइन, यातायात व्यवस्था एवं जनसुरक्षा के लिए खतरा मानते हुए तत्काल प्रभाव से संशोधन के निर्देश दिए गए। यह मानक तय किया गया है कि डीजे कांवड़ वाहन की ऊंचाई 10 फीट से अधिक न हो। पुलिस के मुताबिक, निर्देशों का पालन करते हुए सभी संबंधित संचालकों ने तत्काल वहीं अपनी डीजे कांवड़ को मानक के अनुसार संशोधित करा लिया और आगे बढ़े। हरिद्वार से लेकर दिल्ली तक कांवड़ यात्रा के कई रंग देखने को मिल रहे हैं। कहीं भोलेनाथ को सिर पर विराजमान कर भक्त यात्रा पर निकल रहे हैं, तो कहीं माता पार्वती संग नंदी पर सवार भोलेनाथ की झांकियां हर किसी का मन मोह रही हैं। हर दिशा में बोल-बम की गूंज है और हर कावड़ में श्रद्धा की अनोखी झलक दिखाई दे रही है। भोलेनाथ को अपने कंधों पर बैठाकर यात्रा करने वाले शिवभक्त भी इस बार बड़ी संख्या में हैं। भोलेनाथ को चश्मा पहनाकर अपने कंधों पर बैठा कर हरिद्वार से अपने गंतव्य की ओर जाते शिवभक्त जब मार्ग में विश्राम करते हैं, तो भोलेनाथ को कुर्सी पर विराजमान कर देते हैं। कांवड़ के विभिन्न रूपों की, जगह-जगह लोग वीडियो बनाते देखे जा रहे हैं। कांवड़ यात्रा देश भर में चल रही है। यह यात्रा हरिद्वार से पुरा महादेव या मेरठ अथवा दिल्ली तक ही सिमित नहीं है। कई भक्त गोमुख से राजस्थान अथवा उससे भी आगे की पदयात्रा करते हैं। कांवड लेकर दूर-दूर से गंगा जल भरकर भगवान शिव को अर्पित करने निकल पड़ते हैं। इस भक्ति यात्रा में हर कोई अपने सामर्थ्य के अनुसार दूरी तय करता है, कोई नजदीकी मंदिर तक जाता है, तो कोई सैकड़ों-हजारों किलोमीटर दूर तक। भारत में कुछ कांवड़ यात्राएं इतनी लंबी होती हैं कि उन्हें पूरा करने में कई दिन नहीं बल्कि महीनों तक का समय लग जाता है। गंगोत्री से रामेश्वरम कांवड़ यात्रा 3000 से अधिक किलोमीटर की है, यह भारत की सबसे लंबी कांवड़ यात्रा मानी जाती है। इस यात्रा का आरम्भ गंगोत्री से होता है, जहां से भक्त गंगा जल भरते हैं और दक्षिण भारत के तमिलनाडु में स्थित रामेश्वरम तक की यात्रा करते हैं। हरिद्वार से देवघर की कांवड़ यात्रा 1300 किलोमीटर की है। हरिद्वार से देवघर की कांवड़ यात्रा में भक्त गंगा जल भरकर झारखंड के देवघर में स्थित बैद्यनाथ धाम तक जाते हैं। यह शिव मंदिर, भगवान शिव के प्रमुख बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक है। सुल्तानगंज से बैद्यनाथ धाम की कांवड़ यात्रा भी प्रसिद्ध है, यह यात्रा 119 किलोमीटर की है। इसमें भक्त सुल्तानगंज के उत्तरवाहिनी गंगा से जल भरते हैं और बैद्यनाथ धाम पहुंचते हैं। यह यात्रा दो से तीन दिनों में पूरी होती है और इसमें लाखों की संख्या में भक्त शामिल होते हैं। यह यात्रा भले ही लंबाई में कम हो, लेकिन भक्तों की संख्या और उत्साह के मामले में यह देश की बड़ी कांवड़ यात्राओं में से एक मानी जाती है। गंगोत्री से ऋषिकेश तक की भी कांवड़ यात्रा चलती है। इसमें भक्त गंगोत्री से गंगा जल भरते हैं और करीब 258 किलोमीटर की दूरी तय कर ऋषिकेश में स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर में जल चढ़ाते हैं। यह यात्रा एक सप्ताह के लगभग पूरी हो जाती है। राजस्थान के अमरनाथ कहे जाने वाले परशुराम महादेव मंदिर के लिए राजसमंद से भव्य कांवड़ यात्रा निकाली जाती है। यह यात्रा श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर, कांकरोली से प्रारंभ होती है। स्थानीय नागरिक शिवभक्तों पर पुष्पवर्षा करते हैं। कई स्थानों पर श्रद्धालुओं सेवा शिविर लगाते हैं। यह कांवड़ यात्रा 45 किलोमीटर की है। यह कांवड़ यात्रा पिछले 40 वर्षों से निरंतर आयोजित की जा रही है। वर्षों पुरानी इस धार्मिक परंपरा का पालन करते हुए कांवड़ यात्री हर वर्ष सावन के इस पावन अवसर पर भगवान शिव को जल अर्पित करते हैं।

## चार तीर

सुनील उत्सव

'राम' 'मन्दिर' 'सुन्दर' 'झाँकी'

कोई कुछ कहे, चाहे सोचे कोई कुछ, समझना है मुश्किल किसी के हृदय को,
तपस्या है ये शिव की भक्ति है ये, नगर से निकलती है श्रद्धा की धारा।
कहीं राम मन्दिर के मॉडल की कावड़, कहीं शिव के रूपों की सुन्दर हैं झाँकी,
नमन यूँ भी है कावड़ों को हमारा, विराजित है इनमें जो गंगा की धारा।

## शिव शंकर के जय कारो से गूंज उठा गंग नहर पटरी मार्ग

**सिखेड़ा, 20 जुलाई (बु.)।** क्षेत्र के चौधरी चरण सिंह कांवड़ पटरी मार्ग पर कांवड़ियों की भोले बम-भोले बम की गूंज सुनाई दे रही है। शिव भक्त हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लेकर जयकारा लगाते हुए नांचते-गाते हुए आगे बढ़ रहे हैं। गंग नहर पटरी पर कांवड़ियों को देखने के लिए महिलाओं व बच्चों की भीड़ लग रही है। हरिद्वार से कांवड़ के माध्यम से पवित्र गंगाजल लेकर जौली से लेकर चित्तौड़ा झाल गंगनहर की पटरी से गुजरने वाले शिवभक्तों की संख्या तेजी के साथ बढ़ रही है। रविवार को हरियाणा, राजस्थान व मध्य प्रदेश के विभिन्न जनपदों को जाने वाले शिवभक्तों की अनेक टोलियां शिव शंकर के जयकारे लगाते भोले बम-भोले बम, बोलो शंकर भगवान की जय का जयकारा लगाते हुए नांचते-गाते गंग नहर की पटरी से गुजरी। गंगनहर पटरी पर कांवड़ियों को देखने के लिए महिलाओं व बच्चों की भीड़ लग रही है। रविवार की सुबह को पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग के गंगनहर के पुल के पास से गंतव्य की ओर जाती राजस्थान की भोली भी कांवड़ियों के जयकारे लगाते हुए जाती दिखी। इस दौरान जौली पुल से लेकर चितौड़ा झाल तक शिवभक्तों की सेवा के लिए कई कांवड़ सेवा शिविर लगाए गए हैं।

# स्व. चितरंजन स्वरूप स्मृति मंच के शिविर में बांटा प्रसाद

## - उद्यमी भीम कंसल व बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ ने की सेवा





**मुजफ्फरनगर, 20 जुलाई (बु.)।** पूर्व मंत्री स्व. चितरंजन स्मृति मंच की ओर से आयोजित तुलसी पार्क स्थित कांवड़ सेवा शिविर में रविवार को जिले के प्रमुख उद्यमी भीम कंसल एवं मुजफ्फरनगर बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ ने पहुंच कर भोलों की सेवा की। इस दौरान मंच से जुड़े पदाधिकारियों ने दोनों अतिथियों को पटका एवं माला पहनाते हुए स्वागत किया और भगवान शिव का सुन्दर चित्र भेंट करते हुए स्वागत किया। शुभारंभ अवसर पर बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ ने हरिद्वार से कांवड़ लेकर गंतव्य की ओर बढ़ते कांवड़ियों को प्रेम और आस्था की पवित्र यात्रा में भक्ति के साथ आगे बढ़ने की सीख देते हुए सनातन परंपराओं का पालन किए जाने की अपील की। उद्यमी भीम कंसल ने इस भव्य आयोजन के लिए मंच से सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने शिवभक्तों की सेवा करते हुए उन्हें गर्मा गरम हलवा, शीतल पेय व फ्रूटी और अन्य खाद्य सामग्री वितरित किए। उन्होंने पूर्व मंत्री स्वर्गीय चितरंजन स्वरूप की प्रेरणा से आयोजित होने वाले कांवड़ सेवा शुरू किए प्रयासों की सराहना करते हुए सभी को बधाई दी। इस दौरान शिविर में मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों की टीम ने यहां पर पहुंचे शिवभक्तों की सेवा में निःशुल्क चिकित्सा सेवा में बड़ा सहयोग दिया। इस दौरान भोलों को ठंडे दूध की बोतलें, फ्रूटी, जूस , मट्ठा, शिकंजी, हलवा आदि का प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान शंकर स्वरूप, अनिल लोहिया, सुखबीर सिंह, अशोक सरीन, अरविन्द गोयल, प्रवीण खेड़ा, श्रीमोहन तायल,संजय मिश्रा, मेडिकल कॉलेज से डॉ. अमृत राज, डॉ. गुरशरण कौर, जल सिंह निधि कश्यप, रविंदर कुमार, केशव सिंह, वंदना, बिल्लू, शाहबाज एवं ऋतिक आदि मौजूद रहे।






# बस और रेलगाडियां छोड़ कर कांवड़ियों ने अपनी गाडियों और सड़क का रास्ता चुना

**मुजफ्फरनगर, 20 जुलाई (बु.)।** कांवड़ यात्रा का संगम अपने चर्म पर है। रोजाना लाखों कांवड़िये हरिद्वार से जल लेकर अपने-अपने गंतव्य की और जा रहे हैं, लेकिन इस बार देखा जा रहा है कि अधिकांश कांवड़िये ना तो बस सेवा और ना ही रेलवे सेवा का ज्यादा प्रयोग कर रहे हैं। अगर रेलवे की बात की जाये, तो आपको स्टेशन पर या फिर हरिद्वार से आने वाली या जाने वाली रेलगाड़ी में आपको छिटपुट कांवड़िये देखने को मिल भी जाएं, लेकिन अगर आप रोडवेज बस की बात करें, तो आपको शून्य बटा सन्नाटा देखने को मिलेगा। बुलेटिन की टीम ने रेलवे स्टेशन पर जाकर ग्राउंड जीरो से जानकारी लेनी चाही, तो जानकारी मिली कि शायद गर्मी अधिक होना भी इसका एक कारण हो सकता है। वैसे भी हरिद्वार से चलने वाली या जाने वाली ट्रेनें ज्यादातर अपने निर्धारित समय से लेट चल रही हैं। ऐसे में हो सकता है कि सुविधा अधिक ना होने के चलते या फिर किराये में कांवड़ के दौरान छूट ना मिलने के कारण भी कांवड़िये रेलयात्रा नहीं करना चाहा रहे हैं। हालांकि इसकी पुष्टि तो किसी ने भी नहीं की, लेकिन संभवतः कारण यह हो सकता है। दूसरी तरफ बस यात्रा ना करने का कारण यह भी बताया जा रहा है कि जिला प्रशासन की और से हरिद्वार की और जाने वाले कई मार्गों को या तो डायवर्ट या फिर बंद किया गया है, जिसके कारण कई बसें घूम कर अलग-अलग मार्गो से जा रही हैं। इसके कारण किराया भी बढ़ चुका है। ऐसे में हर तरह से जो दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है, वो भी कहीं ना कहीं इस उमस भरी गर्मी में शायद रोडवेज बस सेवा में सफर करना लोग नहीं चाहा रहे हैं।

# कांवड़ियों की सेवा करना पुण्य का कार्य है : डॉ. गर्ग




**मुजफ्फरनगर, 20 जुलाई (बुस.)।** शिवभक्त कांवड़ियों की सेवा में हर कोई सेवा में लगा हुआ है। गंगा प्लाजा मार्केट में अखिल भारत हिंदू महासभा के शिविर नाथ क्लीनिक के द्वारा केसर खीर का प्रसाद वितरण किया गया। यह पुण्य का कार्य नाथ क्लीनिक के स्व. निधीश गर्ग की याद में किया गया। इस अवसर पर हिंदू महासभा के सुरेंद्र मित्तल, आशीष आदि द्वारा डॉ. एमएल गर्ग एवं उनके परिवार का स्वागत किया गया। इस दौरान भगवान शिव शंकर और पार्वती की झांकी द्वारा शानदार नृत्य किया गया। वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर गर्ग ने कहा कि कांवड़ियों की सेवा करना पुण्य का कार्य है। उन्होंने नगर से गुजरने वाले सभी शिवभक्तों को शिवरात्रि की शुभकामनाएं दी और कहा कि हमें भगवान ऐसे पुण्य कार्यों में लगाए रखें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. सपना गर्ग, रोटेरियन उषा गर्ग, कार्तिक गर्ग, आराध्या गर्ग, रीना गोयल, विवेक गोयल, अदिति गोयल, उषा राणा, रीता गर्ग, अरविंद गर्ग आदि उपस्थित रहे।

# आयुष पहलवान ने विश्व स्तर पर बढ़ाना जनपद का गौरव

## - वर्ल्ड पुलिस चैम्पियनशिप में जीता गोल्ड मेडल, किया स्वागत



**मुजफ्फरनगर, 20 जुलाई (बु.)।** रविवार को दतियाना गांव में आयोजित स्वागत समारोह में भारत केसरी पहलवान आयुष खोखर को भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौ. राकेश टिकैत व जाट महासभा के जिलाध्यक्ष ब्रजवीर सिंह, सदर ब्लॉक प्रमुख अमित चौधरी, पवन राठी, संजीव खोखर, अनंग पाल राठी, उमादत्त शर्मा एवं सुधीर प्रधान ने ट्राफी व पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि राकेश टिकैत ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका में आयोजित हुई विश्व पुलिस चैम्पियनशिप में प्रतिभाग करते हुए गोल्ड मेडल जीतकर आयुष पहलवान ने देश-विदेश में गांव दतियाना का नाम रोशन किया। इससे पूर्व आयुष ने नेशनल पुलिस चैम्पियनशिप में भी गोल्ड मेडल जीता था। सम्मान समारोह में उपलब्धियों पर गर्व जताते हुए वक्ताओं ने मंच से कहा कि युवाओं को इस सफलता से प्रेरणा लेकर खेल प्रतियोगिता में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। इसके साथ उन्होंने युवाओं को नशाखोरी से दूर रह कर अपने जीवन का लक्ष्य तय किए जाने का आह्वान किया। इस दौरान मांगेराम खलीफा, धीरज, मनोज, पंकज, संजीव, मनीष अहलावत, दीपक चौधरी, अंकुर काकरान आदि मौजूद रहे।

# शिव परिवार सेवा समिति के शिविर में भोलों की सेवा से गदगद कांवड़ियां



**मुजफ्फरनगर, 20 जुलाई (बु.)।** शिव परिवार सेवा समिति की ओर से आयोजित 31वें विशाल भंडारा कांवड़ सेवा शिविर में रविवार को कोल्ड स्टोरेज में देवभूमि हरिद्वारधाम से गंगा जल लेकर आने वाले शिवभक्तों की सेवा को हर कोई तत्पर दिखाई दे रहा है। रविवार को इसी कड़ी में कांवड़ यात्रा के चरमोत्कर्ष पर बढ़ती भीड़ के बीच भोलों की सेवा को समिति पदाधिकारी सेवाभाव से लगे रहे। बीते 13 जुलाई से आयोजित सेवा शिविर में आयोजन समिति की ओर से भोजन प्रसाद, चाय-नाश्ता के साथ स्नान, शीतल जल व आराम की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है, जिसमें भोलों के दर्द पर मरहम लगाने के साथ अन्य बीमारियों के लिए दवाईयों का वितरण भी किया जा रहा है। शिव परिवार सेवा समिति के कांवड़ सेवा शिविर में अध्यक्ष राकेश गोयल, सतीश शर्मा, उज्ज्वल मित्तल, अनिल तायल, यशु गोयल, विवेक गुप्ता, प्रमोद शर्मा, आयुष गुप्ता, प्रीतम सिंघल, भारतवीर सहरावत, नितिन कुच्छल व नितिन बंसल के साथ उनके परिवार के सदस्य भी सेवा भाव से कांवड़ियों की हर संभव सेवा और भोजन प्रसाद के वितरण के साथ दवाईयों का इस बीच वितरण कराने में दिन रात लगे हुए हैं।

# स्काउट-गाइड्स कैडेट नगर में निभा रहे अपनी जिम्मेदारी

## - पुरकाजी बॉर्डर से खतौली तक कर रहे अपनी ड्यूटी - शिवचौक पर डटे कैडेट बना रहे यातायात की बेहतर व्यवस्था



**मुजफ्फरनगर, 20 जुलाई (बु.)।** श्रावण माह की कांवड़ यात्रा मेला रविवार सायं को अपने अंतिम पड़ाव की ओर अग्रसर होने की दिशा में आगे बढ़ा है। इससे पूर्व बीते कई दिनों से नगर के हृदय स्थल शिवचौक के साथ अन्य प्रमुख स्थानों पर बोल-बम बम-बम के गगनचुंबी जयघोष के बीच तमाम स्काउट-गाइड्स के कैडेट सेवा भाव के साथ पूर्ण मुश्तैदी के साथ डटे दिखाई दिए। रविवार को इस कड़ी में शिवचौक पर इन स्काउट-गाइड्स के सभी कैडेट मुख्यमंत्री के जनपद में हवाई भ्रमण के दौरान पूरी तरह से व्यवस्था में डटे रहे और इस बीच उन्होंने शिवभक्त कांवड़ियों के साथ इस ओर से गुजरने वाले वाहनों को व्यवस्थित करने के लिए स्थानीय पुलिस के साथ में कर्तव्य पालन करते दिखाई दिए। रविवार को देवभूमि हरिद्वार समेत अन्य स्थानों से गंतव्य की ओर बढ़ते शिवभक्तों का जनपद मुजफ्फरनगर की सीमा क्षेत्र में गुरुकुल नारसन-पुरकाजी बार्डर से प्रवेश के साथ बड़ी संख्या में गंग नहर पटरी मार्ग से अपने गंतव्य की ओर कांवड़ियों के बढ़ने का क्रम बीते कई दिनों से जारी हैं। गंतव्य की ओर बढ़ते इन कांवड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था के बीच 24 घंटे जनपद का पुलिस-प्रशासन दिन-रात डटे हैं, लेकिन ऐसे में पुलिस-प्रशासन के सहयोगी के रूप में नगर क्षेत्र में स्काउट-गाइड्स भी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करने में जुटे हैं। जनपद की सीमा में गुरूकुल नारसन-पुरकाजी बार्डर से खतौली तक स्काउट-गाइड्स के कैडेट कांवड़ियों की सुरक्षा में विभिन्न चौराहों पर मुस्तैदी के साथ तैनात हैं। वहीं कांवड़ यात्रा को लेकर मुजफ्फरनगर में सुरक्षा दृष्टि से पुलिस अफसरों के साथ सिपाही मुख्य सड़कों पर दौड़ रहे हैं। वहीं कांवड़ियों को सही मार्ग दिखाने से लेकर व्यवस्था बनाने के लिए स्काउट-गाइड्स सुबह से देर सायं तक अपनी ड्यूटी पर तैनात हैं। स्काउट-गाइड्स के डीसी पूर्व प्रधानाचार्य विजय शर्मा ने बताया कि स्काउट-गाइड्स में शामिल छात्र-छात्राएं पुरकाजी, खतौली, बुढ़ाना के साथ नगरीय क्षेत्र में शिवचौक के साथ रामपुर तिराहा, जिला अस्पताल चौराहा एवं मीनाक्षी चौक पर सभी अपनी जिम्मेदारी के साथ में तैनात है। उन्होंने बताया कि इस ड्यूटी पर उन्हें प्रमाण पत्र दिया जाएगा, जिसका लाभ भविष्य में राज्यपाल अवार्ड प्राप्त करने में मिलता है।

VACANCY
Agent Recruitment Manager for LIC
(Only For Boys)
Good Communication Skills Needed
Salary- 10,000+Fuel Allowance
Two Wheeler Mandatory (Field Job)
Contact:-
7906505636






# शिवचौक पर हुआ वैश्य सभा के चिकित्सा शिविर का शुभारंभ

मुजफ्फरनगर, 20 जुलाई (बु.)। श्रावण माह की शिवरात्रि पर भगवान भोलेनाथ को मां गंगा का पवित्र जल लेकर गंतव्य की ओर बढ़ते शिवभक्त कांवड़ियों का स्वागत करने के साथ उनके दर्द पर मरहम लगाने की खातिर समाज का हर वर्ग सेवा भाव से जुटा है। सेवा भाव की इस कड़ी में वैश्य सभा जनपद मुजफ्फरनगर द्वारा रविवार को नगर के शिवचौक पर चिकित्सा कांवड़ शिविर का विधिवत शुभारंभ किया गया। शुभारंभ अवसर पर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल, चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, दैनिक मुजफ्फरनगर बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ, वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल और मीरांपुर विधायक मिथलेश पाल ने महाराजा अग्रसेन जी की पूजा व आरती करते हुए संयुक्त रूप से शुभारंभ किया। शुभारंभ अवसर पर वैश्य सभा को साधुवाद देते हुए मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि वैश्य सभा बहुत अच्छा कार्य कर रही है और पालिका परिसर में जल्द ही महाराजा अग्रसेन की अत्यन्त भव्य प्रतिमा लगाने जा रही है। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप और गौरव स्वरूप ने कहा कि हमारा सहयोग सदैव ही वैश्य सभा के कांवड़ शिविर को मिलता रहेगा। इस दौरान उद्यमी भीम कंसल, मुजफ्फरनगर बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ, जिला पंचायत के अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, पूर्व चेयरपर्सन अंजू अग्रवाल, सुभाष शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, सुनील वार्ष्णेय, पूर्व विधायक सुशीला अग्रवाल आदि ने शिविर के कार्यों की सराहना की। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कृष्ण गोपाल मित्तल व संचालन अजय सिंघल ने किया। शिविर में मुख्य रूप से जनार्दन स्वरूप, दिनेश बंसल, संजीव गोयल, संजय गुप्ता, सौरभ मित्तल, योगेश भगत जी, राकेश कंसल, अनिल तायल, शिव कुमार सिंघल, आर के गर्ग, मित्तरसेन अग्रवाल, सत्य प्रकाश मित्तल, शोभित गुप्ता, अशोक अग्रवाल, रजत गोयल, श्रीमोहन तायल, सुनील तायल, मोंटी आदि मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने बांटा भोलों को आलू मंडी के बाहर प्रसाद



**मुजफ्फरनगर, 20 जुलाई (बु.)।** नगर मुख्यालय पर अपने चरमोत्कर्ष पर पहुंची कांवड़ यात्रा मेले में शिवभक्तों की सेवा करने को विभिन्न संगठनों में उत्साह देखने को मिल रहा है, जिसमें हर कोई अपनी क्षमता के अनुरूप सेवा करने में जुटा है। सेवा भाव की इस कड़ी में रविवार को नगर के मेरठ रोड आलू मंडी के बाहर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल कांवड़ सेवा शिविर लगाया गया। इस दौरान व्यापारियों ने देव भूमि हरिद्वार से गंगा जल लेकर भीषण गर्मी में गंतव्य की ओर बढ़ते कांवड़ियों की सेवा में ठंडे जल की बोतलें, नाशपाती, केले, समोसे, जैन शिकंजी व कोल्ड ड्रिंक आदि का वितरण किया गया। कांवड़ शिविर का उद्घाटन संगठन के प्रांतीय उपाध्यक्ष संजय मित्तल ने किया। इस दौरान मुख्य रूप से अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल से जुड़े अंशुमान अग्रवाल, जयपाल शर्मा, नीरज बंसल, पुनीत सिंघल, राजेश गोयल, पंकज अग्रवाल और अविरल आदि व्यापारी मौजूद रहे।

e Surfer
POWER UP YOUR RIDE!
We are leading manufacturers of
E-Rickshaws & E-Loaders &
Invite Application for :
ONLINE CREATIVE DESIGNER
Candidates with min. 1 year experience in the related field. Have hands-on designing software with basic english knowledge.
Interested candidates send updated CVs at
amanauto.ev@gmail.com
M/s Aman Automobiles
5th K.M. Stone, Opp. Gupta Resorts,
Meerut Road, Muzaffarnagar -251003
(M): 9634818787
CONTACT PERSON: SHUBHAM JAIN



# श्री रामलीला कमेटी नई मंडी की बैठक संपन्न

## - आगामी 20 सितम्बर से होगा श्री रामलीला का भव्य मंचन

**मुजफ्फरनगर, 20 जुलाई (बु.)।** रविवार को श्री रामलीला कमेटी नई मंडी की एक बैठक श्री रामलीला भवन में व्यापारी नेता संजय मित्तल की अध्यक्षता में आहुत की गयी। इस बैठक में श्री रामलीला कमेटी अध्यक्ष संजय मित्तल ने बताया कि नई मंडी श्री रामलीला भवन में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 99वॉं श्री रामलीला महोत्सव आगामी 20 सितंबर से 3 अक्टूबर तक बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष श्री रामलीला का भव्य मंचन वृंदावन की मंडली के कलाकारों द्वारा किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से अशोक गर्ग, आदित्य भरतिया, राजीव अग्रवाल, संजय जिंदल काका, प्रवीण कुमार एडवोकेट, मोहनलाल, विदित गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# पीआर पब्लिक स्कूल ने भव्य कांवड़ सेवा शिविर किया आयोजित



**मुजफ्फरनगर, 20 जुलाई (बु.)।** पचेंडा रोड स्थित पीआर पब्लिक स्कूल ने समाज सेवा, संस्कार और संस्कृति से जुड़ाव की प्रेरणा को साकार करते हुए कांवड़ सेवा शिविर का आयोजन किया। इस अवसर पर स्कूल के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों व स्टाफ ने श्रद्धा और सेवा भाव के साथ कांवड़ियों की सेवा की। शिविर का शुभारंभ प्रधानाचार्य अनघ सिंघल ने किया। उन्होंने कहा कि सेवा ही सच्चा धर्म है। जब बच्चे निःस्वार्थ भाव से किसी कार्य में भाग लेते हैं, तो उनके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है। पीआर पब्लिक स्कूल सदैव ऐसे आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों को नैतिक और आध्यात्मिक मूल्यों से जोड़ने का प्रयास करता रहेगा। पीआर पब्लिक स्कूल के इस शिविर के दौरान फलाहार, शीतल जल व कोल्ड ड्रिंक्स वितरित कर कांवड़ियों का स्वागत किया गया। इस सेवा में विद्यार्थियों के साथ शिक्षकों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इनमें प्रवीण कुमार, विश्व बंधु शर्मा, दिव्या शर्मा, नीता गुप्ता, शशि जैन, शंकर शर्मा, दीपक मलिक, रितेश त्यागी, विशांक त्यागी, बिना वत्स, निशु चौधरी, प्रियंका चौधरी, अनीता शर्मा, मीनू वर्मा, प्रज्ञा सिंधी, अनुपम सैनी आदि शिक्षकों एवं अंशिका, वंशिका, रावि, नव्या, रिया, परी, श्रेया, अपर्णा, इशांत, विवेक, वंश, आर्यन, विख्यात आदि बच्चों की सहभागिता रही।

# कांवड़ शिविर व भंडारे का थाना प्रभारी ने उद्घाटन कर कांवड़ियों से जाना कुशलक्षेम



**चरथावल, 20 जुलाई (बु.)।** क्षेत्र के नंगला राई स्थित शिव शक्ति धाम पर कांवड़ सेवा शिविर व भंडारे का का शुभारंभ चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने इंस्पेक्टर तूफान सिंह के साथ फीता काटकर एवं पूजा अर्चना कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने कांवड़ियों से उनकी समस्याएं पूछी। कावड़ शिविर में चरथावल थाना प्रभारी ने कांवड़ियों को प्रसाद का भी वितरण किया। चरथावल क्षेत्र के ग्राम नगला राई में चरथावल-थानाभवन मार्ग पर स्थित शिवशक्ति धाम पर रविवार को कांवड़ सेवा शिविर का उद्घाटन हुआ कांवड़ सेवा शिविर का उद्घाटन चरथावल जसवीर सिंह ने किया। वहीं शिवशक्ति धाम अध्यक्ष सचिन धीमान के द्वारा सभी अतिथियों का माला पहनाकर एवं तिलक कर उनका स्वागत किया गया। चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने शिविर में मौजूद कांवड़ियों से उनकी समस्याएं पूछी। इस अवसर पर शिव शक्ति धाम अध्यक्ष सचिन धीमान, संजय धीमान, वीरेंद्र कुमार, करण धीमान, वंश धीमान, रुपेंद्र धीमान, रविन्द्र, अरविंद धीमान, नरेश, बबली, जितेंद्र पांचाल, सुभाष, रोहताश,बिरमला, मुन्ना, रवि पांचाल, कुलदीप, सोहनदास, दिनेश, रमेश, योगेश, राजेश, सीटू, सोम, नत्थू, गुल्लू, बेगराज, सौराज, जगमाल, पीड़ा मिस्त्री, पवन, नीटू, दयाराम, सुमत, विष्णु, रामकुमार, राजेन्द्र, मुनेश, शिवचरण, कुलदीप, विक्की, पाल्ला, रोहताश, मुकेश, बाबू आदि समस्त हिंदू समाज के लोग एवं पुलिस प्रशासन मौजूदा रहा। वहीं इसके बाद शिव शक्ति धाम पर भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें शिवशक्ति धाम अध्यक्ष सचिन कुमार ने कांवड़ियों को प्रसाद का वितरण किया।








## संसद सत्र से पहले बुलाई गई सर्वदलीय बैठक शुरू

**नयी दिल्ली 20 जुलाई (वार्ता)** सरकार ने सोमवार से शुरू हो रहे मानसून सत्र से पहले आज यहां सर्वदलीय बैठक बुलाई है जिसमें सभी प्रमुख दलों के प्रमुख नेता शामिल हो रहे हैं। बैठक शुरू होने से पहले संसदीय कार्य मंत्री किरन रिजिजू ने कहा कि सरकार संसद में सभी दलों की बात सुनेगी और उसे पर जो जरूरी होगा निर्णय लिया जाएगा। यह बैठक संसद के हर सत्र के शुरू होने से पहले विपक्षी दलों से सदन चलाने में सहयोग करने तथा जनता से जुड़े उनके मुद्दों को सुनने के लिए सरकार बुलाती है। बैठक में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, किरन रिजिजू, अर्जुन राम मेघवाल, रामदास आठवले, कांग्रेस के गौरव गोगोई के सुरेश प्रमोद तिवारी, जय राम रमेश, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सुप्रिया सुले, झारखंड मुक्ति मोर्चा के महुआ माझी, आम आदमी पार्टी के संजय सिंह, अन्नाद्रमुक के एम थंबी दुरई, डीएमके के टीआर बालू सहित कई नेता हिस्सा ले रहे हैं।

## मोदी चार दिन की यात्रा पर ब्रिटेन और मालदीव जायेंगे

**नयी दिल्ली 20 जुलाई (वार्ता)** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को चार दिन की यात्रा पर ब्रिटेन और मालदीव जायेंगे जहां वह मालदीव की स्वतंत्रता की 60वीं वर्षगांठ के समारोह में 'मुख्य अतिथि' होंगे। श्री मोदी यात्रा के पहले चरण में 23 जुलाई को दो दिन की ब्रिटेन यात्रा पर रवाना होंगे और इसके बाद दूसरे चरण में वह 25 जुलाई को दो दिन की यात्रा पर मालदीव जायेंगे। विदेश मंत्रालय ने रविवार को बताया कि श्री मोदी ब्रिटेन के प्रधानमंत्री सर कीर स्टारमर के निमंत्रण पर ब्रिटेन की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। यह प्रधानमंत्री की ब्रिटेन की चौथी यात्रा होगी।

## सऊदी अरब के राजकुमार का निधन

**दोहा 20 जुलाई (वार्ता)** सऊदी अरब के राजकुमार अल-वलीद बिन खालिद अल-सऊद (35) का शनिवार को निधन हो गया। वह लगभग 20 साल से कोमा में थे। शाही कार्यालय ने रविवार को यह जानकारी



दी। राजकुमार को सऊदी अरब में "सोता हुआ राजकुमार" कहा जाता था। समय-समय पर ऐसी अफवाहें उड़ती रहीं कि वह ठीक हो रहे हैं, लेकिन कभी इसकी पुष्टि नहीं हुई। कार्यालय ने एक बयान में कहा, "राजकुमार के अंतिम संस्कार के लिए आज रियाद स्थित इमाम तुर्की बिन अब्दुल्ला ग्रैंड मस्जिद में प्रार्थना सभा आयोजित की जाएगी।" राजकुमार के पिता खालिद बिन तलाल ने एक्स पर निधन की जानकारी दी।

## गंगा नदी चेतावनी बिदु से 14 सेमी दूर, बाढ़ का पानी रिहायशी इलाकों में घुसा

**वाराणसी, 20 जुलाई (वार्ता)** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में गंगा नदी का जलस्तर चेतावनी रेखा से मात्र 14 सेंटीमीटर नीचे है। जलस्तर में वृद्धि के कारण शहर के कई रिहायशी इलाकों में बाढ़ का पानी घुस गया है। सामनेघाट, मारुति नगर, दनियालपुर, हुकुलगंज, नक्खीघाट, ढेलवरिया और ग्रामीण क्षेत्रों के कई हिस्से बाढ़ से प्रभावित हो चुके हैं। केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, गंगा का जलस्तर चेतावनी बिंदु 70.26 मीटर के सापेक्ष 70.12 मीटर तक पहुंच गया है। नदी का जलस्तर एक सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है। गंगा और वरुणा नदी में आई बाढ़ से 221 परिवारों के 1,079 लोग प्रभावित हुए हैं। इनमें से 492 लोग बाढ़ राहत शिविरों में शरण लिए हुए हैं जबकि 547 लोग अन्य स्थानों पर रह रहे हैं।

## विधानसभा चुनाव में अखिलेश के साथ आ सकते हैं चंद्रशेखर

**लखनऊ, 20 जुलाई (वार्ता)** उत्तर प्रदेश में 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी (सपा) के मुखिया अखिलेश यादव और आजाद समाज पार्टी (एएसपी) के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद के बीच एक साथ चुनाव लड़ने पर बात नहीं बन पायी थी लेकिन पिछले कुछ महीनों से दोनों एक-दूसरे के करीब आए हैं। यूपी के राजनीतिक गलियारों में ऐसी अटकलें लगाई जा रहीं हैं कि 2027 में होने वाले चुनाव में ये दोनों पार्टियां एक साथ आ सकती हैं। पिछले कुछ समय से ऐसा देखा जा रहा है कि दोनों पार्टियां एक दूसरे के खिलाफ ज्यादा मुखर नहीं हो रही हैं। दोनों ही पार्टियों के नेता सीधे तौर से एक दूसरे पर हमला करने से बच रहे हैं।

# सिर्फ आर्य समाज मन्दिर का प्रमाणपत्र विवाह का वैध सबूत नहीं : उच्च न्यायालय

**लखनऊ 20 जुलाई (वार्ता)** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने एक महिला के अनुकंपा नियुक्ति के मामले में दिए अहम फैसले में कहा कि सिर्फ आर्य समाज मंदिर का प्रमाणपत्र विवाह का वैध सबूत नहीं माना जाएगा। अदालत ने यह भी कहा कि महज स्टांप पेपर पर पति पत्नी के बीच तलाक नहीं हो सकता है। इन टिप्पणियों के साथ कोर्ट ने महिला की अनुकंपा नियुक्ति पाने की याचिका खारिज कर दी।

न्यायाधीश मनीष माथुर की एकल पीठ ने यह फैसला महिला की याचिका पर दिया। महिला ने अपने कथित पति की मृत्यु के बाद उसकी जगह खुद को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने का दावा किया था, जिसे कृषि विभाग ने बीते 5 अप्रैल को खारिज कर दिया था। दावे को खारिज करने के इसी आदेश को महिला ने याचिका में चुनौती दी थी। महिला का कहना था की उसने कृषि विभाग में कार्यरत व्यक्ति के साथ, उसकी पहली पत्नी से कथित तलाक होने के बाद वर्ष 2021 में आर्य समाज मंदिर में विवाह किया था। इसके लिए महिला ने सिर्फ आर्य समाज मंदिर से जारी विवाह का प्रमाणपत्र पेश किया। इसके अलावा वह सेवारत व्यक्ति का पहली पत्नी के साथ तलाक होने की कोई कानूनी डिक्री (फैसला) पेश नहीं कर सकी। अदालत ने कहा कि महिला




के कथित पति का पहली पत्नी के साथ तलाक का दावा सिर्फ एक स्टांप पेपर पर आधारित है, जिसमें दोनों के बीच तलाक होने की बात कही गई है। ऐसे किसी स्टांप पेपर को रिकार्ड पर पेश भी नहीं किया गया। जबकि, विवाहित जोड़े के बीच तलाक सिर्फ हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 13 के प्रावधानों के तहत ही प्रभावी हो सकती है। ऐसे में तलाक को साबित करने के लिए अदालत का आदेश जरूरी है। लिहाजा, याची का यह दावा करना कि वही सिर्फ मृतक की जीवित पत्नी है, कानून की नजर में ठहरने योग्य नहीं है। कोर्ट ने यह भी कहा कि याची महिला का नाम न तो मृतक की सर्विस बुक में दर्ज है और न ही कार्यालय के किसी दस्तावेज में बतौर नामिनी दर्ज है। कोर्ट ने दो अन्य मामलों में दिए गए फैसलों का हवाला देकर कहा कि सिर्फ आर्य समाज मंदिर से जारी प्रमाणपत्र को विधिक विवाह का ठोस सबूत नहीं माना जा सकता है। इस टिप्पणी के साथ कोर्ट ने याची महिला को राहत न देकर याचिका खारिज कर दी।

## सहारनपुर में कांवड़ यात्री की बाइक में लगी आग, दमकल कर्मी ने 25 मिनट में बुझाई आग

**सहारनपुर, 20 जुलाई (एजेंसी)।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। सहारनपुर में रविवार दोपहर एक कांवड़ यात्री की बाइक में अचानक आग लग गई। घटना सरसावा कट तिराहे के पास की है। बाइक (यूके 11 इ 4954) से निकल रहे हल्के धुएं ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। आग की लपटें पास के एक खोखे तक पहुंच गईं। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड और पुलिस को सूचना दी। फंदपुरी चौकी से पहुंची फायर यूनिट ने पंपिंग मशीन से आग पर काबू पाया। इस हादसे में बाइक पूरी तरह जलकर राख हो गई। खोखे को भी आंशिक नुकसान पहुंचा। फायर यूनिट के अधिकारियों के अनुसार, प्राथमिक जांच में शॉर्ट सर्किट या इंजन में तकनीकी खराबी को आग का संभावित कारण माना जा रहा है। घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने फायर यूनिट और पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की। अधिकारियों ने लोगों से वाहनों की नियमित

## लो जी अधिवक्ता को ही डिजिटल अरेस्ट करने का मामला आया सामने, सूझबूझ से आरोपियों के मंसूबे किए फेल

**मुजफ्फरनगर, 20 जुलाई (बु.)।** डिजिटल दुनिया में भी अपराध इस हद तक बढ़ जाएंगे, किसी ने यह सोचा तक नहीं था। बड़े से बड़े लोगों की आईडी हैक होना, खातों से पैसे निकालना, लोगों को मूर्ख बनाकर मोटे मुनाफे का लालच देकर उन्हें अपने जाल में फंसाना आम बात हो चुकी है। मगर 16 जुलाई को एक और अनोखा मामला सामने आया, जिसमें कलेक्टर परिसर स्थित चैम्बर नंबर डी-22 के अधिवक्ता ओंकार सिंह तोमर ने नई मंडी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि अगस्त 2024 में ट्रेन से गाजियाबाद जाते समय उनका पर्स खो गया था, जिसमें आधार कार्ड, पैनकार्ड और लगभग 21 हजार रुपये की नगदी थी। मामले की शिकायत थाना विजयनगर गाजियाबाद में कर दी गयी थी। अचानक 16 जुलाई 2025 को लगभग एक वर्ष बाद एक अंजान नंबर से उनके पास एक कॉल आई। कॉलर ने बताया कि उनका सिम कार्ड कुलावा मुंबई में चल रहा है। इसकी क्लियरेंस के लिए क्राइम ब्रांच मुंबई के अधिकारी राहुल यादव से बात कीजिए। अधिवक्ता ने उसके द्वारा दिए गए नम्बर पर बात कर ली। अधिकारी ने कहा कि क्लियरेंस के लिए ऊपर से अनुमति लेनी पड़ेगी। आरोपी ने अधिवक्ता को डराते हुए बताया कि उसके खाते से साढ़े 6 करोड़ रुपए का लेनदेन हुआ है। यह बात सुनकर अधिवक्ता घबरा गए। उसके दो घंटे बाद फिर से उनके मोबाइल पर कॉल आई। साइबर लुटेरों ने दुस्साहस दिखाते हुए अधिवक्ता के पास सर्विलांस रूल्स एवं गिरफ्तारी वारंट व्हाट्सएप पर भेज दिए। इसके बाद सर्वोच्च न्यायालय का एकाउंट फ्रीज करने व संपत्ति एटेच करने का कागज भी भेजा गया। अधिवक्ता को 24 घंटे डिजिटल अरेस्ट करते हुए उनसे 15 लाख रुपये की डिमांड की गई। पीड़ित अधिवक्ता ओंकार सिंह तोमर पहले तो डर गए मगर फिर दिमागी संतुलन बनाते हुए उन्होंने सूझबूझ से काम लिया और लुटेरों से अनुरोध किया कि उन्हें थोड़ा वक्त चाहिए। थोड़ा समय रुकने के बाद लुटेरों ने फिर एक बार गिरफ्तारी कराए जाने की धमकी दी, लेकिन जब अधिवक्ता नहीं माने, तो आरोपियों ने फोन काट दिया। अधिवक्ता का कहना है कि इस प्रकरण से उनकी पत्नी कमलेश मानसिक रूप से परेशान है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## प्रयागराज में मुस्लिम समुदाय ने की कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा

**प्रयागराज 20 जुलाई (वार्ता)** संगम नगरी प्रयागराज में वाराणसी की ओर जाने वाले शास्त्री ब्रिज पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने शिवभक्त कावड़ियों का स्वागत पुष्पवर्षा से किया। श्रद्धालुओं ने कांवड़ियों पर फूलों की बारिश कर भाईचारे और एकता का संदेश दिया। यह दृश्य देखते ही बन रहा था जहां एक ओर कावड़ यात्रा की भक्ति थी, तो वहीं दूसरी ओर इंसानियत और सौहार्द की अनोखी मिसाल। कांवड़ यात्रा में जुटे श्रद्धालुओं ने भी इस प्रेम और सम्मान के भाव का खुले दिल से स्वागत किया। स्थानीय लोगों ने इसे प्रयागराज की मिलीजुली सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक बताया। प्रशासन की ओर से यात्रा को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतज़ाम किए गए हैं।

## वाराणसी में शाही मजार के पास अवैध अतिक्रमण ध्वस्त

**वाराणसी, 20 जुलाई (वार्ता)** उत्तर प्रदेश में वाराणसी जिले के कैंट क्षेत्र में रविवार को जिला प्रशासन ने शाही मजार के आसपास अवैध अतिक्रमण को बुलडोजर से हटा दिया। शाही मजार से जुड़े लोगों से प्रशासन ने दस्तावेज भी मांगे हैं। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता केके सिंह ने बताया कि मजार के आसपास कुछ हिस्सों में अवैध निर्माण कर कब्जा किया गया था। इसके लिए कई बार नोटिस भी जारी किए गए थे, लेकिन समयसीमा के भीतर जवाब न मिलने पर कार्रवाई की गई। श्री सिंह ने कहा कि इस स्थान से लोगों की धार्मिक भावनाएं जुड़ी हैं, लेकिन सर्किट हाउस में देश-विदेश से महत्वपूर्ण प्रतिनिधि आते रहते हैं। अवैध अतिक्रमण के कारण सुरक्षा मानकों का पालन नहीं हो पा रहा था और इसे बढ़ावा मिल रहा था।

## हिंडन एयरपोर्ट पर तैयारी पूरी, आज से आठ शहरों के लिए सीधी फ्लाइट शुरू करेगी इंडिगो




**गाजियाबाद, 20 जुलाई (एजेंसी)।** हिंडन एयरपोर्ट सिविल टर्मिनल से विमानन कंपनी इंडिगो आज रविवार से आठ शहरों अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, इंदौर, कोलकाता, मुंबई, पटना और वाराणसी के लिए उड़ान सेवा शुरू करेगी। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। केंद्रीय मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू दोपहर 11:30 बजे हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। हिंडन एयरपोर्ट सिविल टर्मिनल पर रविवार को विमानन कंपनी इंडिगो के प्रतिनिधि व संबंधित अधिकारियों की बैठक चलती रहीं। भारतीय विमानन प्राधिकरण के निदेशक उमेश यादव एयरफोर्स के अधिकारियों के साथ सभी कागजी कार्रवाई भी पूरी कर ली गई है। केंद्रीय मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू के अलावा यहां सांसद अतुल गर्ग समेत सिविल एन्क्लेव हिंडन हवाई अड्डा सलाहकार समिति के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। इससे पहले हिंडन एयरपोर्ट सिविल टर्मिनल से एयर इंडिया एक्सप्रेस जयपुर, बेंगलुरु, कोलकाता, भुवनेश्वर, गोवा, वाराणसी, अहमदाबाद, मुंबई, आदमपुर, किशनगढ़, पटना, नांदेड़ व बठिंडा शामिल हैं।

## महिला ने लगाया दोस्तों के साथ मिलकर पुत्र पर हमला करने का आरोप

**मुजफ्फरनगर, 20 जुलाई (बु.)। नई मण्डी कोतवाली क्षेत्र की महिला संतोष विहार निवासी नीती चौधरी ने बताया कि 15 जुलाई को उसका बेटा अभिलाष ट्यूशन पढ़कर लौट रहा था। तभी नई मण्डी क्षेत्र के लिंक रोड पर तनिष्क पुण्डीर नामक युवक ने उसके बेटे के दोस्त प्रिंस को पकड़कर अभद्रता शुरू कर दी। उसके बेटे ने इस बात का विरोध किया तो तनिष्क पुण्डीर वहां से चला गया, मगर बाद में कुछ ही दूरी पर तनिष्क ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर अभिलाष को पकड़ लिया और बैल्ट, लोहे के कड़े व चाकुओं से पर उस हमला कर दिया। जहां बेटे को उपचार के लिए एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। छात्र की मां ने आरोपियों के खिलाफ नई मंडी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।**

## भारत-पाक लीजेंड्स मैच रद्द, धवन-रैना समेत भारतीय क्रिकेटरों ने खेलने से किया इनकार

**बर्मिंघम, 21 जूलाई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेटरों के पाकिस्तान के साथ खेलने पर मना करने के बाद वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स के आयोजकों ने भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले मैच को रद्द कर दिया है। आयोजकों ने लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचने के लिए माफी मांगी है। यह मैच 20 को बर्मिंघम में खेला जाना था। भारतीय खिलाड़ी सुरेश रैना और शिखर धवन, हरभजन सिंह, इरफान पठान और यूसुफ पठान ने इस मैच में खेलने से मना कर दिया था। हउछ ने अपने बयान में कहा कि उन्होंने हाल ही में भारत और पाकिस्तान के बीच हुए वॉलीबॉल मैच के बाद ही भारतीय लीजेंड्स और पाकिस्तान लीजेंड्स के बीच मैच कराने का फैसला किया। लेकिन इससे कई लोगों की भावनाएं आहत हुईं और भारतीय लीजेंड्स भी पाकिस्तान के खिलाफ खेलने को लेकर असहज थे। इस वजह से मैच रद्द करने का फैसला लिया गया। 22 अप्रैल को पहलगाम




में आतंकवादी हमले के बाद भारत-पाक के बीच तनाव की स्थिति है। इसका असर दोनों देशों के खेलों पर भी पड़ा है।

## मामूली बात को लेकर झगड़ा, एक गंभीर घायल

**सिखेड़ा, 20 जुलाई (बु.)।** थाना क्षेत्र के गांव सिखेड़ा में मामूली बात को लेकर झगड़ा हो गया। झगड़े में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को पुलिस ने उपचार के लिए सीएचसी जानसठ भेजा। जहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरो ने उसे प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। शनिवार को थाना क्षेत्र के गांव सिखेड़ा निवासी अफजाल पुत्र इरशाद गांव में दूसरे मौहल्ले में बैठे अपने पिता को बुलाने जा रहा था, तभी गांव के युवक नाजिम पुत्र स्लाम ने अपने दोस्त उस्मान पुत्र इस्तकार के साथ मिलकर उसे रोक लिया। दोनों अफजाल के साथ गाली-गलौच करने लगे। उसने इसका विरोध किया। इसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई। कहासुनी के बाद युवकों ने लाठी-डंडों से प्रहार कर दिए, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अफजाल को उपचार के लिए सीएचसी जानसठ पहुंचाया, जहां से डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना प्रभारी विनोद कुमार सिंह ने बताया कि गांव सिखेड़ा में झगड़ा होने की सूचना मिली थी। तहरीर के आधार पर नाजिम और उस्मान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच कर आगे की कार्यवाई की जाएगी।

## मादक पदार्थो की बिक्री करने वाले तीन तस्कर गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 20 जुलाई (बु.)।** थाना प्रभारी सिविल लाइन आशुतोष सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली कि कुछ लोग कांवड़ मार्ग पर ही अवैध नशीले पदार्थों को बेच रहे हैं, जिस पर छापामारी कर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम ने गुलशन उर्फ ट्रिड्डा कृष्ण कुमार पुत्र ठोड्डी, वैभव शर्मा उर्फ तनु वाल्मीकि बस्ती निवासी शिवपुरी को माल रोड से गिरफ्तार कर लिया, जिनसे दस ग्राम चरस, 324 ग्राम गांजा व साढे उन्नीस हजार रुपये नकद बरामद किये गए। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे अवैध मादक पदार्थों की सप्लाई कांवड़ यात्रा में कर रहे थे। पूछताछ के बाद तीनों का चालान कर दिया गया।

# मेरठ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पुष्प वर्षा

**मेरठ, 20 जूलाई (एजेंसी)।** पश्चिमी यूपी के मेरठ में रविवार को आस्था का एक अलग ही नजारा देखने को मिला। प्रदेश के मुखिया सीएम योगी आदित्यनाथ, खुद भोले भक्त कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा करते हुए नजर आए। मेरठ के मोदीपुरम स्थित दुल्हैड़ा चौकी के पास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिए एक मंच तैयार किया गया था, जिसके माध्यम से उन्होंने कांवड़ियों पर गुलाब की पंखुड़ियों के माध्यम से पुष्प वर्षा की। इस दृश्य से भक्तों में खुशी की लहर दौड़ गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा की गई पुष्प वर्षा से कांवड़ियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। दिल्ली, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा सहित उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए कांवड़ियों ने मुख्यमंत्री की प्रशंसा की। दिल्ली के किन्नर समाज के सदस्य हरिद्वार से गंगाजल लेकर आए थे, जिनपर भी मुख्यमंत्री ने पुष्प वर्षा की। इनमें से ही एक भक्त कशिश ने लोकल-18 की टीम से खास बातचीत में कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा कांवड़ यात्रा को लेकर किए गए बेहतर इंतजामों से वह बहुत खुश हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के मुख्यमंत्री हों तो सभी धार्मिक यात्राएं सकुशल संपन्न होंगी।



# मेरठ एसपी ने रोकी संगीत सोम की गाड़ी, पूर्व विधायक बोले- कार नहीं हटेगी

### रोकने के बावजूद भी 3 किलोमीटर का सफर ज्यादा करके शहर में पहुंचे सोम

**मेरठ, 20 जूलाई (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मेरठ में रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें शामिल होने के लिए प्रदेश के कई बड़े नेता और जनप्रतिनिधि पहुंचे। इसी दौरान भाजपा के फायरब्रांड नेता और पूर्व विधायक संगीत सोम को पुलिस ने कार्यक्रम स्थल के पास रोक लिया। पुलिस द्वारा प्राइवेट गाड़ी से अंदर जाने की अनुमति न मिलने पर वे भड़क गए। उनका पुलिस अधिकारियों से लगभग 20 मिनट तक तीखी बहस हुई। इस बहस के बाद वे गाड़ी मोड़कर तीन किलोमीटर लंबा रास्ता तय करते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। घटना मेरठ के मोदीपुरम स्थित दुल्हैड़ा चौकी के पास की है, जहां सीएम योगी कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा करने वाले थे। हाईवे पर भारी भीड़ और वनवे व्यवस्था के कारण पुलिस प्रशासन ने सभी वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित किया था। इसी दौरान भाजपा के पूर्व विधायक संगीत सोम अपनी प्राइवेट गाड़ी से कार्यक्रम स्थल की ओर जा रहे थे, लेकिन वहां तैनात एसपी ट्रैफिक राघवेंद्र और एडीएम सिटी ब्रजेश कुमार ने उनकी कार को बैरिकेडिंग पर रोक दिया। जब अफसरों ने उन्हें बताया कि उनके लिए सरकारी गाड़ी की व्यवस्था की गई है और उन्हें उसी से अंदर जाना होगा, तो सोम ने साफ मना कर दिया। उन्होंने कहा, "मैं सरकारी गाड़ी में नहीं बैठूंगा, अगर जाना है तो अपनी गाड़ी से ही जाऊंगा, नहीं तो यहीं रास्ते में बैठ जाऊंगा।" इस दौरान संगीत सोम के समर्थकों ने बैरिकेड्स हटाने की भी कोशिश की, लेकिन पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए उन्हें पीछे किया।



# सेना को मिलने जा रहे बेहद खतरनाक अपाचे हेलिकॉप्टर

**नई दिल्ली, 20 जुलाई (एजेंसी)।** अगले दो दिनों में तीन अपाचे हेलिकॉप्टर भारतीय सेना में शामिल किए जाएंगे। हालांकि इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि ये इकाइयां संभवतः 22 जुलाई को शामिल कर ली जाएंगी। ती नों हेलिकॉप्टर 21 जुलाई तक जोधपुर पहुंच जाएंगे। प्रक्रिया के मुताबिक डिलीवरी और इंडक्शन से पहले एक संयुक्त प्राप्ति निरीक्षण किया जाएगा। ये अपाचे हेलिकॉप्टरों भारत को मिलने वाली 6 यूनिट की शुरूआती खेप है, जिसमें 3 यूनिट अभी भारत को मिल



रही हैं। बता दें कि जोधपुर में पहले ही एक स्क्वाड्रन स्थापित किया जा चुका है, जहां इन हेलिकॉप्टरों को पश्चिमी सीमा पर तैनात किया जाएगा। एएच-64ए अपाचे दुनिया के सबसे उन्नत लड़ाकू हेलिकॉप्टरों में से एक हैं, जिसे शत्रुतापूर्ण जंग क्षेत्रों में शक्तिशाली हमले करने के लिए डिजाइन किया गया है। इनका निर्माण अमेरिकी रक्षा दिग्गज बोइंग ने किया है। अपाचे का इस्तेमाल वर्तमान में संयुक्त राज्य अमेरिका , ब्रिटेन, इजरायल, मिस्र और अब भारत जैसे देशों की सशस्त्र सेना कर रही है। यह पहली बार है, जब भारतीय वायु सेना के बजाय भारतीय सेना अपाचे हेलिकॉप्टरों का संचालन करेगी। यह कदम सेना के अपने प्रत्यक्ष नियंत्रण में समर्पित नजदीकी हवाई सहायता प्रदान करने के प्रयास को दर्शाता है।

# मानसरोवर यात्रा के दौरान पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी घायल

**पिथौरागढ़, 20 जूलाई (एजेंसी)।** कैलास मानसरोवर यात्रा के दूसरे दल में शामिल दिल्ली निवासी पूर्व मंत्री मीनाक्षी लेखी तिब्बत में दारिचन में घोड़ से गिर कर घायल हो गई । कमर में चोट आने से वह बीच में यात्रा छोड़ कर भारत आ रही हैं। प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार मीनाक्षी लेखी घोड़े से गिर कर घायल हुई। जानकारी



के अनुसार उन्हें नावीढांग लाकर वहां से हैलीकॉप्टर से देहरादून ले जाया जाएगा। तकलाकोट से दारचिन की दूरी 102 किमी है। तिब्बत में तकलाकोट के बाद दारचिन यात्रा का दूसरा पड़ाव है। कैलास मानसरोवर यात्रा के दूसरे दल में शामिल दिल्ली निवासी पूर्व विदेश राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखी भारत में प्रवेश कर गुंजी पहुंच चुकी है। मौसम खराब होने से अभी हैलीकॉप्टर से जा पाना संभव नहीं है। वहीं मौसम के आज खुलने के आसार नहीं लग रहे हैं। दूसरे यात्रा की सदस्या मीनाक्षी लेखी तिब्बत के दारचिन मे घोडे. से गिरकर घायल हो गई और उनके कमर में चोट आयी है। चोटिल होने से बीच में ही यात्रा छोड़ कर भारत को लौटी। रविवार सुबह चीन के अधिकारियों ने उन्हें लिपुलेख में आइटीबीपी के अधिकारियों को सौपा। जहां से उन्हें नावीढांग लाया गया।

## समंदर में धू-धू कर जलने लगा जहाज, 280 लोग थे सवार, पांच की मौत

**जकार्ता, 20 जूलाई (एजेंसी)।** इंडोनेशिया के तट पर 280 लोगों से भरी एक जहाज में आग लग गई, जिससे घबराए यात्रियों ने समुद्र में छलांग लगा दी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है, जिसमें जहाज पूरी तरह से आग की लपटों में घिरा हुआ दिखाई दे रहा है और आसमान में काले धुएं का गुबार उठ रहा है। इस दुर्घटना में 5 लोगों की मौत और 18 लोगों के घायल होने की खबर है। दुर्घटना का शिकार हुई इस जहाज का नाम केएम बार्सिलोना वीए है। आग रविवार दोपहर स्थानीय समयानुसार लगभग 1.30 बजे लगी। वायरल वीडियो में घबराये हुए यात्रियों को देखा जा सकता है, जिनमें से कुछ अपने बच्चों के साथ आग से बचने के लिए समुद्र में छलांग लगाते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस भयावह फुटेज में यात्री चमकीले नारंगी रंग की लाइफ जैकेट पहनकर पानी में कूदते दिखाई दे रहे हैं और जहाज में आग तेजी से फैल रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अब तक 18 लोगों के घायल होने की पुष्टि हुई है, हालांकि कुछ लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। नॉर्थ सुलावेसी रीजनल डिजास्टर मैनेजमेंट एजेंसी के सेक्रेटरी जेरी हार्मनसिना ने स्थानीय न्यूज आउटलेट डेटिक को बताया कि आग तालिस द्वीप के पास लगी।

# यूपी में सरकारी वेबसाइटों को बनाया जाएगा दिव्यांग फ्रेंडली

**लखनऊ 20 जुलाई (वार्ता)** उत्तर प्रदेश में सरकारी योजनाओं सहित विभागों की कार्यशैली के बारे में जानकारी देने वाली सभी सरकारी वेबसाइटों को दिव्यांग फ्रेंडली बनाया जाएगा। इसके लिए दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक विभाग को निर्देश जारी कर कदम उठाने को कहा गया है।

प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए सरकार लगातार गंभीर प्रयास कर रही है। इस दिशा में आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक विभाग को निर्देश दिए गए हैं। जिससे दिव्यांगजनों को वेबसाइट एक्सेस करने में कोई परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि अब तक 44 वेबसाइटों को अनुकूल बनाया जा चुका है। जबकि बेसिक शिक्षा विभाग को विशेष शिक्षकों की नियुक्ति पर बल देने का निर्देश दिए गए हैं, जिससे दिव्यांग विद्यार्थियों को गुणवत्तापरक शिक्षा मिल सके। उन्होंने कहा कि नियुक्ति प्रक्रिया प्रगति पर है तथा प्राथमिक विद्यालयों में रैम्प भी बनाये जा चुके हैं। साथ ही स्कूल मर्जिंग के दौरान दिव्यांग बच्चों के सर्वे करने के साथ ही उनके आने-जाने हेतु वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा है। कश्यप ने बताया कि नगर निकाय क्षेत्रों के सार्वजनिक भवनों, स्थलों, पार्कों, सुलभ शौचालयों आदि को प्राथमिकता के आधार पर दिव्यांगजन अनुकूल बनाया जाए। उन्होंने कहा कि माध्यमिक व उच्च शिक्षा विभाग को दिव्यांग विद्यार्थियों को आरक्षण के अनुरूप निःशुल्क प्रवेश और सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, डॉ. शकुंतला मिश्रा पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ और जगद्गुरु श्रीरामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय, चित्रकूट को मॉडल मानते हुए सभी विश्वविद्यालयों को दिव्यांगजन फ्रेंडली बनाने के निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश में अब तक 15,50,496 यूडीआईडी कार्ड जारी किए जा चुके हैं। जनपदों में विशेष चिकित्सकों की अनुपलब्धता की स्थिति में अन्य विकल्पों पर भी विचार किया जा रहा है ताकि 21 प्रकार की दिव्यांगता से पीड़ित सभी व्यक्तियों को लाभ सुनिश्चित हो सके। मंत्री कश्यप ने कहा हमारा लक्ष्य है कि प्रदेश का कोई भी दिव्यांगजन योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।